नई सोच, नया आयाम

जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 267 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 22 जुलाई 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -4 पर प्रशासनिक अधिकारियों का स्थानांतरण

भाजपाईयों ने किया दाढ़ी थाने का घेराव व प्रदर्शन, बड़ी संख्या में रहें भाजपा .... पेज -8 पर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चल रही गर्मागर्म बहस

रायपुर। विधानसभा मानसून सत्र में शुक्रवार को विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई. अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करते हुए पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जब प्रदेश के युवा नंगे होकर सड़क पर आते हैं तो सरकार नंगी होती है।

साथ ही सरकार गूंगी, बहरी व अंधी हो जाती है. सरकार को जगाने आए युवाओं को पकड़ कर जेल में डाल देती है. यह लोकतंत्र की Murder है. 100 से अधिक युवाओं ने नंगे होकर प्रदर्शन करते हैं, 29 नौजवानों को जेल में डाल दिया गया. इस बीच मंत्री अमरजीत भगत ने आपत्ति जताते हुए कहा कि सरकार के खिलाफ ऐसे शब्दों का प्रयोग ठीक नहीं है. मंत्री रविंद्र चौबे ने भी कहा कि ऐसे शब्दों का उपयोग सरकार के खिलाफ नहीं होना चाहिए. उन्होंने सदन के रिकार्ड से हटाने का आग्रह किया. जिसपर विस अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे शब्दों को विलोपित किया जाएगा. विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मैं सरकार को नपुंसक नहीं बोलना चाहता.

100 जवान नंगे थे, सिर्फ 29 गिरफ्तार हुए. इस पर फिर हंगामा मच गया. गूंगी बहरी सरकार लोकतंत्र की Murder री सरकार के सामने आज युवा असहाय है और नंगे व विवश होकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है. इस पर सत्तापक्ष ने भाजपा को मणिपुर याद दिलाया। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आपको अनुसूचित जाति समाज माफ नहीं करेगा. युवा आखिर ऐसा करने को मजबूर क्यों हुए. वहीं मंत्री भगत ने आसंदी से अगले सदस्य को चर्चा में बुलाने को कहा. इस दौरान विधायक अजय चंद्राकर ने आरोप लगाया कि आसंदी को सरकार निर्देश दे रही है.

अग्रवाल ने कहा कि अंग्रेजों से भी बदतर सरकार है यह जिसने युवाओं को जेल भेज दिया. अग्रवाल ने कहा कि आपको अनुसूचित जाति समाज आपको माफ नहीं करेगा. युवा आखिर ऐसा करने को मजबूर क्यों हुए. यह सरकार भ्रष्टाचार में निर्वस्त्र हो गई है. मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि फर्जी नियुक्तियां आपके ही राज में हुई हैं.

पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि टाइपिंग पास परीक्षा जरूरी है लेकिन पांच साल में परीक्षा नहीं हुई. पांच हजार Police जवानों के पद खाली हैं. पीएससी में अधिकारियों के बच्चे चयनित हो रहे हैं, मेहनती युवा छले गए हैं. मंत्री अमरजीत भगत ने चुटकी ली की इनकी सरकार में इनकी नहीं चलती थी। हमारी सरकार में हर काम करवा सकते हैं. इस पर अग्रवाल ने कहा कि हमाम में सब नंगे हैं, व्यक्तिगत हमले ना करें. उन्होंने कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार के नए आयाम स्थापित कर रही है. कोयला घोटाला, भर्ती घोटाला, जमीन घोटाला यह घोटालों की सरकार बन कर रह गई है. यहां तुगलकी राज्य चल रहा है.

ईडी बड़ी कार्रवाई की तैयारी में!

आईएएस दंपति के यहां ईडी के छापों से छत्तीसगढ़ की ब्यूरोक्रेसी दहशत में

आईएएस कांक्लेव का रंग होगा फीका

रायपुर। छत्तीसगढ़ में आईएएस दंपति, कांग्रेस नेता और ठेकेदारों के दर्जन भर से अधिक ठिकानों पर ईडी ने आज तड़के छापा मारा। छापे की खबर से खासकर ब्यूरोक्रेसी दहशत में आई गई है। दरअसल, कई आईएएस अधिकारियों के यहां छापों के बाद ईडी की कार्रवाइयां रुक गई थी।

मगर आज दूसरी बार फिर आईएएस दंपति रानू साहू और जेपी मौर्या के बंगले पर ईडी की टीम धमक गई। रानू साहू इससे पहले जब रायगढ़ कलेक्टर थीं, तब भी रायपुर के देवेंद्र नगर आफिसर्स कालोनी के उनके बंगले में दबिश दी थी। उनके आईएएस पति जेपी मौर्या से भी ईडी ने कई दौड़ की पूछताछ की थी। इसके अलावे भी ईडी ने कई ठिकानों पर दबिश दी है। ब्यूरोक्रेसी में इस बात की चर्चा बड़ी तेज है कि ईडी अबकी बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। आईएएस एसोसियेशन का कल से कांक्लेव होना है। कल 22 जुलाई की शाम छत्तीसगढ़ के सारे आईएएस रायपुर पहुंचेंगे। 23 को दिन भर का कार्यक्रम है। इससे पहले भी पिछली बार जब आईएएस रानू साहू, जेपी मौर्या और समीर विश्नोई के यहां ईडी ने छापेमारी की थी। तब आईएएस कांक्लेव का आयोजन होने वाला था। मगर ईडी के छापों के कारण कांक्लेव को निरस्त कर दिया गया था। इस बार हालांकि कांक्लेव निरस्त नहीं होगा। क्योंकि, 24 जुलाई के समापन समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि हैं। मगर छापों के कारण कांक्लेव का रंग जरूर फीका रहेगा।

एक नजर

जेसीसीजे विधायक प्रमोद शर्मा पार्टी से देंगे इस्तीफा!

भाजपा में शामिल होने की अटकलें हुई तेज

रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) विधायक प्रमोद शर्मा पार्टी से इस्तीफा दे सकते हैं. कयास लगाए जा रहे हैं कि वे जेसीसीजे छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं. सदन की कार्यवाही के दौरान आज प्रमोद शर्मा को भाजपा के आला नेताओं के साथ मेल-मुलाकात करते देखा गया।

विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन प्रमोद शर्मा सदन में विधि-विभाग के अधिकारियों से चर्चा करते नजर आए. साथ ही उन्हें भाजपा के आला नेताओं के साथ सलाह-मशविरा करते हुए देखा गया. बताया जा रहा है कि वे पार्टी छोड़ने के बाद बनने वाली स्थितियों-परिस्थितियों को लेकर मंत्रणा कर रहे हैं. बता दें कि प्रमोद शर्मा को जेसीसीजे से निलंबित किया जा चुका है. हालांकि, जेसीसीजे से इस्तीफा देने की बात मीडिया में सामने आने पर प्रमोद शर्मा ने इस पर कुछ भी कहने से मना कर दिया. उन्होंने कहा कि अभी सलाह-मशविरा का दौर जारी है. आगे जो भी फैसला होगा, आप लोगों को बता दिया जाएगा।

आमरण अनशन पर बैठे कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ी

एक ने 48 घंटे से कुछ नहीं खाया था, दूसरे की भी हालत गंभीर

रायपुर। रायपुर में आमरण अनशन पर बैठे एक संविदा कर्मचारी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। वह बेहोश होकर मंच पर गिर पड़ा। जिसके बाद एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया। मामला नवा रायपुर में चल रहे संविदा कर्मचारियों के हड़ताल से जुड़ा हुआ है।

यहां तीन प्रदर्शनकारी नियमितीकरण की मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे हैं। इन्हीं में से एक कर्मचारी की शुक्रवार को तबीयत बिगड़ गई है। इसके बाद शाम होते-होते खबर आई कि एक और कर्मचारी की तबीयत बिगड़ गई है। उसका नाम श्रीकांत लासकर है। जिसे तुरंत मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर है। वहीं तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में कर्मचारी अस्पताल पहुंचे हुए हैं। इसके पहले सुबह बेहोश होकर गिरे संविदा कर्मचारी का नाम प्रेम राजपूत बताया गया था। पिछले 48 घंटों से प्रेम ने ना ही कुछ खाया, ना ही पानी पिया था। जानकारी के मुताबिक शुगर बीपी लेवल डाउन होने की वजह से वह बेहोश होकर गिर गया। काफी देर तक अफरा-तफरी का आलम रहा, इसके बाद एंबुलेंस के जरिए उसे अभनपुर के अस्पताल भेजा गया है। प्रेम राजपूत 19 जुलाई से आमरण अनशन पर बैठे हैं। इनके साथ अनशन पर दो और संविदा कर्मचारियों की भी हालत ठीक नहीं।

2023 के चुनाव को हर हाल में जीतने का प्रयास

भाजपा के चुनावी रणनीतिकार अमित शाह का तीसरी बार रायपुर दौरा

रायपुर। 22 जुलाई शनिवार को छत्तीसगढ़ भाजपा के नेताओं की हाई लेवल मीटिंग के लिए , भाजपा के चुनावी रणनीतिकार अमित शाह एक बार फिर रायपुर आ रहे हैं। मीटिंग में शाह के सवाल होंगे जिनके जवाब स्थानीय नेताओं को देने हैं। खबर है कि एक प्राइवेट सर्वे एजेंसी के कुछ लोग भी शाह के साथ होंगे। प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, डॉ रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव समेत संगठन के महामंत्री, संभाग के प्रभारियों को बैठक में शामिल होने की तैयारी करने कहा गया है। छत्तीसगढ़ की

भाजपा के नेताओं की हाई लेवल मीटिंग रायपुर में

विधानसभा सीटों पर भाजपा की स्थिति को लेकर केंद्रीय नेतृत्व का एक सर्वे पूरा होने की चर्चा है। उस सर्वे में भाजपा की हालत फिलहाल पतली ही दिख रही है। इस वजह से केंद्रीय नेतृत्व भी टेंशन में है। भाजपा 2023 के चुनाव को हर हाल में जीतने का प्रयास कर रही है। यही वजह है कि अमित शाह एक बार फिर रायपुर आ रहे हैं।

इसी महीने 5 जुलाई को शाह ने रायपुर में रात बिताई और नेताओं की बैठक ली थी। तब भी शाह छत्तीसगढ़ भाजपा के परफॉर्मेंस से संतुष्ट नहीं दिखे थे। ओम माथुर और नितिन नबीन से उन्होंने आंतरिक रिपोर्ट मांगी थी, मुमकिन है कि शनिवार को वो इस रिपोर्ट का अपडेट लेंगे।

पीसीपीएनडीटी एक्ट के राज्य सलाहकार समिति की हुई बैठक

एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन पर हुई चर्चा

रायपुर। पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत गठित राज्य सलाहकार समिति की बैठक आज डीकेएस भवन परिसर स्थित राज्य नोडल एजेंसी कार्यालय में हुई। पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य में इस एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन एवं इसके विभिन्न प्रावधानों के परिपालन पर चर्चा हुई। राज्य सलाहकार समिति की बैठक में सोनोग्राफी मशीन में एक्टिव ट्रेकर

लगाने संबंधी भारत सरकार से प्राप्त रिपोर्ट पर विचार-विमर्श किया गया। पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत एमबीबीएस डॉक्टरों के सोनोग्राफी प्रशिक्षण के अगले बैच के लिए नियमावली तैयार करने पर भी चर्चा की गई। विगत 31 मार्च को हुई समिति की पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन की जानकारी भी बैठक में दी गई। पीसीपीएनडीटी एक्ट के संयुक्त संचालक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय में रेडियो डायग्नोसिस के प्राध्यापक डॉ. विवेक पात्रे, शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ओंकार प्रसाद खंडवाल, मेडिसीन विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. आर.के. पटेल, स्वास्थ्य विभाग के उप संचालक डॉ. महेन्द्र सिंह, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री धवल सिन्हा और पीसीपीएनडीटी कन्सल्टेंट सुश्री वर्षा राजपूत भी बैठक में उपस्थित थीं।

निलंबित आईपीएस जीपी सिंह बर्खास्त!

राज्य सरकार ने की थी अनिवार्य सेवानिवृत्ति की अनुशंसा

रायपुर। आय से अधिक संपत्ति मामले में निलंबित IPS जीपी सिंह को केंद्र सरकार द्वारा बर्खास्त किए जाने की खबर आ रही है. बता दें कि राज्य सरकार ने जीपी सिंह की अनिवार्य सेवानिवृत्ति की सिफारिश की थी।

इससे पहले भी राज्य ने चार अन्य आईपीएस अधिकारियों के साथ-साथ जीपी सिंह को बर्खास्त करने की अनुशंसा भेजी थी, तब केंद्र ने राज्य की अनुशंसा को खारिज कर दिया था। गौरतलब है कि 1 जुलाई 2021 की सुबह 6 बजे ACB-EOW की टीमों ने रायपुर, राजनांदगांव और ओडिशा में जीपी सिंह के सहयोगियों समेत उनके सभी ठिकानों पर एक साथ छापा मारा था, जिसमें 5 करोड़ की चल-अचल संपत्ति का खुलासा हुआ था. इसके अलावा छापे के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज भी मिले थे, जिसके आधार पर रायपुर कोतवाली में निलंबित IPS जीपी सिंह पर राज्य सरकार राजद्रोह का मामला दर्ज हुआ था, जिसका चालान कोतवाली पुलिस पहले ही कोर्ट में पेश कर चुकी है, जो कोर्ट में विचाराधीन है. आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर में अनुपातहीन संपत्ति और भष्टाचार निवारण अधिनियम और धारा 201,467,471 के आरोप में निलंबित आईपीएस जीपी सिंह का प्रकरण दर्ज है।

विधानसभा सत्र प्रश्नकाल में रेडी टू ईट, जर्जर स्कूल भवन और गौठान मुद्दे की गूंज

मानसून सत्र के आखिरी दिन नग्न प्रदर्शन पर हंगामा

रायपुर। मानसून सत्र के आखिरी दिन सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान पक्ष-विपक्ष के बीच तीखी नोक-झोंक हो रही है। रायपुर में एसटी-एससी युवाओं के नग्न प्रदर्शन पर विपक्ष ने जमकर हंगामा मचाया। सीएम भूपेश बघेल ने CAG की तीन अलग-अलग रिपोर्ट सदन की पटल पर रखा। विपक्ष ने सरकार पर 109 बिंदुओं का आरोप लगाई है जिस पर चर्चा जारी है। इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान रेडी-टू-ईट फूड, आदिवासियों के रीति-रिवाजों के संरक्षण, गौठान का मामला उठा। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने गौठान से संबंधित गलत जानकारी देने का आरोप लगाया। उनके मुताबिक अधूरे गौठानों की स्थिति को छुपाने की

कोशिश की जा रही है। जवाब में मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि जानकार बिल्कुल सही दी गई है। कोई गड़बड़ी नहीं है।

बृजमोहन अग्रवाल का सवाल

सड़कों पर लोग निर्वस्त्र घूम रहे हैं। क्या पूरा इंटेलिजेंस नपुंसक हो गया है। ऐसी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाए तो और क्या लाएं।

मंत्री रविंद्र चौबे का जवाब

दिल्ली में पहलवानों के साथ क्या हुआ। मणिपुर में महिलाओं के साथ क्या हुआ ये बताएंगे। जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने जमकर हंगामा कर दिया।

नेता प्रतिपक्ष का सवाल

गौठान से संबंधित गलत जानकारी दी गई। अधूरे गौठनों की स्थिति को छुपाने की कोशिश की जा रही है।

ताम्रध्वज साहू का जवाब

जानकारी बिल्कुल सही दी गई है। कोई गड़बड़ी नहीं है। प्रदेश में 10, 336 गौठान स्वीकृत, इसमें 10, 240 गौठान बन गए हैं, 84 गौठान नहीं बने हैं।

2 जनवरी 2019 से 30 जून 2023 तक कुल 1,23,19,845.64 क्विंटल गोबर सरकार ने खरीदा है, जिसकी राशि 24, 639.69 लाख भुगतान किया गया।

2 सौ 91 करोड़ से ज्यादा का गोबर बेचा गया है। इसमें नुकसान नहीं बल्कि फायदा हुआ है।

अजय चंद्राकर का सवाल

मासिक बाल पत्रिका किलोल की खरीदी की मांगी जानकारी। चंद्राकर ने कहा मैं भी स्कूल शिक्षा मंत्री था, जांच करवा लीजिए, अगर मेरे समय में गड़बड़ी हुई होगी तो मैं भी जेल चला जाऊंगा।

रविन्द्र चौबे ने कहा

किलोल पत्रिका खरीदी के लिए निर्देश दिए गए हैं। अन्य पत्रिकाओं के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। कोई छुपाने की बात नहीं है। भाजपा सरकार के समय तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय से सम्बंधित पत्रिकाएं भी खरीदी जाती थी।

सौरभ सिंह का सवाल

करीब 246 करोड़ का गोबर खरीदा गया है, 17 करोड़ का सरकार की ओर से बेचा गया है, फिर 229 करोड़ का गोबर कहां गया?

दो जन सूचना अधिकारी पर कार्रवाई

सूचना आयोग ने तहसीलदार और उप अभियंता पर लगाया 25-25 हजार का जुर्माना

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने सूचना देने में लापरवाही बरतने पर दो जन सूचना अधिकारियों पर 25- 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है. इन अधिकारियों में एक तत्कालीन तहसीलदार और एक तत्कालीन उप अभियंता शामिल है। राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदन के निराकरण में लापरवाही बरतने और समय सीमा में क्रियान्वयन नहीं किये जाने पर संबंधित जनसूचना अधिकारियों पर यह अर्थदंड लगाया है. एक प्रकरण की सुनवाई के दौरान पाया गया कि रायपुर तहसील के तत्कालीन जन सूचना अधिकारी को मार्च 2019 में आवेदक द्वारा सीमांकन से संबंधित

दस्तावेजों आदि का अवलोकन करने का आवेदन दिया गया था. किंतु जन सूचना अधिकारी के द्वारा 3 वर्ष विलंब से आवेदक को अवलोकन के लिए सूचना जारी किया गया. इस संबंध में आयोग के द्वारा तत्कालीन जन सूचना अधिकारी को जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया गया, जिसका कोई जवाब उनके द्वारा नहीं दिया गया. इस कारण से तत्कालीन जन सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार रायपुर एवं वर्तमान में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर अमित बेक पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। एक अन्य प्रकरण में नगर पालिका रतनपुर के तत्कालीन जन सूचना अधिकारी द्वारा नामांतरण संबंधी फाइलों से संबंधित दस्तावेजों की जानकारी आवेदक के द्वारा चाहे जाने के विषय पर मूल आवेदन का समय सीमा में निराकरण नहीं करने और आयोग को जवाब नहीं प्रस्तुत करने के कारण तत्कालीन जन सूचना अधिकारी एवं उप अभियंता एवं वर्तमान में नगर पालिका परिषद बड़े बचेली जिला दंतेवाड़ा में पदस्थ देवेंद्र पहाड़ी पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड आरोपित किया गया है. अर्थदंड की राशि शासकीय कोष में जमा करने के लिए संबंधित जन सूचना अधिकारियों के नियंत्रण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है.

चुनौती: विकसित भारत के महानगर में बाढ़, शहरी नियोजन पर उठे सवाल

हमारा देश विकसित मुल्कों की सूची में शामिल होने वाला है। ऐसे में, राजधानी दिल्ली में बाढ़ और जलभराव के जो हालात बने, वे देश की छवि के लिहाज से अच्छे नहीं हैं। वैसे भी यह एक गंभीर विचारणीय प्रश्न है कि पिछले कुछ वर्षों से देश के प्रमुख राज्यों के ज्यादातर शहरों में सामान्य मानसून के मौसम में भी बाढ़ जैसे हालात क्यों बन जाते हैं। इंदौर का ही उदाहरण लें, जहां कभी 24 घंटों में 17 इंच और उससे भी अधिक पानी गिरने का रिकॉर्ड दर्ज किया गया, फिर भी बाढ़ की स्थिति पैदा नहीं हुई।

लेकिन आज उससे आधी बारिश होने पर भी शहरों में चारों तरफ जलभराव और बाढ़ की स्थति पैदा हो जाती है। इसका मुख्य कारण यह है कि पिछले चार-पांच दशकों में देश के महानगरों में जो अकल्पनीय, अनियोजित और बेतरतीब विकास हुआ है, उसके कारण वर्षा के समय उसके दुष्परिणाम शहरी क्षेत्रों में बाढ़ के रूप में दिखने लगे हैं। मुंबई में भी कुछ साल पहले जब एक दिन में करीब 30 इंच बारिश हुई थी, तब वहां हालात भयावह हो गए थे। ऐसी स्थिति पैदा होने का मुख्य कारण है नदी एवं जलभराव क्षेत्रों को लेकर निर्माण की राष्ट्रीय नीति का पालन न होना। सड़कों पर वर्षाजल की निकासी के लिए जो क्रॉसिंग होनी चाहिए या तो उसका निर्माण नहीं हुआ, और यदि कहीं पर हुआ भी, तो उसका आकार इतना छोटा है कि पानी की निकासी सही प्रकार से नहीं हो पाती। देखा गया है कि 1980 के बाद देश में जितनी भी शहरी कॉलोनियां बनी हैं, उनमें से ज्यादातर में कहीं भी बरसात के पानी की निकासी पर कोई योजनाबद्ध कार्य नहीं किया गया है। फिर शहरों में बिल्डरों तथा माफिया ने शासन-प्रशासन की मिलीभगत से डूब वाले इलाकों में बस्तियां बसानी शुरू कर दी हैं। दिल्ली के यमुना क्षेत्र में बसाई गई बस्तियां इसका उदाहरण हैं, जो इन दिनों जलमग्न हैं। ऐसे हालात देश के दूसरे शहरों में भी हैं। पहले शहरों में नदियों के किनारे जो खुले मैदान होते थे, अब वहां केवल भवन और गैरकानूनी बस्तियां दिखती हैं।

देश के नगरों-महानगरों में नगर विकास प्राधिकरण हैं, जिनकी जिम्मेदारी होती है भवन निर्माण, सड़क, जल निकासी तथा अन्य जन सुविधा के कार्यों की योजना बनाना तथा इनका निर्माण करवाना। परंतु इस बार की बाढ़ देखकर लगता नहीं कि दिल्ली विकास प्राधिकरण ने अपने कार्य क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से भवन निर्माण और पानी निकासी का कोई काम किया है। सर्वोच्च न्यायालय तथा उसके आसपास के पूरे क्षेत्र में पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण वहां के निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

> बाढ़ के प्रति सरकारों की अगंभीरता इसी से समझी जा सकती है कि दिल्ली में पिछले दो साल से बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक ही नहीं हुई।

बाढ़ के प्रति सरकारों की अगंभीरता इसी से समझी जा सकती है कि दिल्ली में पिछले दो साल से बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक ही नहीं हुई! इस समिति में दिल्ली और केंद्र सरकार, सेना व केंद्रीय जल आयोग सहित विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय सुनिश्चित किया जाता है। इस उपेक्षा का नतीजा है कि दिल्ली के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भीषण जलभराव हुआ और गलियों में नावों के जरिये जरूरी सामान जनता तक पहुंचाने की नौबत आई। इस तरह के हालात हालांकि अन्य राज्यों में भी हैं। जागरूक व्यवस्था की जिम्मेदारी है कि किसी भी प्राकृतिक आपदा के बाद वह इसकी जांच करे कि आखिर किन वजहों से इन आपदाओं ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। लिहाजा इस साल राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत दूसरे शहरों में आई बाढ़ के बाद जरूरी है कि राष्ट्रीय स्तर पर एक अध्ययन दल का गठन किया जाए, जो यह पता लगाए कि सामान्य से ज्यादा बारिश होने से शहरी इलाकों में बाढ़ की स्थिति क्यों पैदा हुई। यदि भारतीय सेना में इस प्रकार का कोई हादसा होता है, तो वहां जांच यह तय करती है कि इस हादसे को रोकने की जिम्मेदारी किसकी थी और उसके बाद जिम्मेदारी तय कर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाती है। यदि प्रशासनिक व्यवस्था में कार्यरत अधिकारियों के विरुद्ध भी ऐसे ही प्रावधान हों, तो भविष्य में दिल्ली, गाजियाबाद और आगरा जैसी बाढ़ की स्थिति देश के किसी भी शहर में पैदा नहीं होगी।

शिवदान सिंह

संपादकीय

डगमगाती विकासशील अर्थव्यवस्थाएं

जिन देशों की अर्थव्यवस्थाओं में निर्यात का बड़ा योगदान रहा है, उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। कारण है पश्चिम- खासकर यूरोपीय अर्थव्यवस्था में मंदी। यूरोप में आम लोगों की मुश्किलें बढ़ी हैं। उस स्थिति उनके बीच उपभोग और मांग घटना स्वाभाविक परिघटना है।

चीन की इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के आर्थिक आंकड़े अपेक्षा से कमजोर रहे। हालांकि अप्रैल-जून की अवधि में चीनी अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत बढ़ी, लेकिन यह वृद्धि पिछले साल के कमजोर आधार पर है। चीन में पिछला पूरा साल कोरोना प्रभावित रहा था, जिसका उसकी अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर पड़ा। इस वर्ष सुधार के संकेत हैं, लेकिन उतना नहीं, जिसकी उम्मीद की गई थी। कुल मिला कर इस वर्ष के पहले छह महीनों चीनी अर्थव्यवस्था की वृद्धि 5.5 प्रतिशत रही। इसके पहले पिछले हफ्ते भारत के आयात-निर्यात के आंकड़े जारी हुए थे। सामने आया कि जून में भारत के निर्यात में 22 प्रतिशत की गिरावट आई। यह लगातार आठवां महीना रहा, जब भारत का निर्यात घटा। दूसरी तरफ आयात में 17 प्रतिशत की गिरावट आई। यह भारत की अंदरूनी अर्थव्यवस्था की धीमी होती रफ्ता का एक संकेत है। दरअसल, बात चीन या भारत जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं तक सीमित नहीं है। बल्कि बांग्लादेश जैसी अपेक्षाकृत छोटी अर्थव्यवस्था से आ रही खबरें भी चिंताजनक है।

आपदाओं ने असुरक्षित कर दी हिमालय की सुरक्षित गोद

हिमालय की बेहद कठिन परिस्थितियों के बावजूद सदियों से न केवल ऋषि-मुनियों और तपस्वियों बल्कि आयुद्धजीवियों और आक्रान्ताओं से सुरक्षित रहने के लिए भागे लोगों ने हिमालय की गोद में शरण लेनी शुरू की होगी।

पहाड़ों में त्वरित बाढ़ अक्सर बादल फटने से आती है। ये घटनाएं नई कतई नहीं हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में उनकी संख्या में काफी वृद्धि हो रही है। बारिश के बाद मिट्टी को अवशोषक के रूप में वर्षा को अवशोषित करती है। यदि लगातार बारिश होती है और मिट्टी की सोखने की क्षमता से अधिक बारिश होती है, तो यह ओवरफ्लो हो जाती है।

यहां की नैसर्गिक सुंदरता और शांति, उतुंग श्रृंगों, हरी-भरी घाटियों और मनोरम नैसर्गिक दृश्यों ने भी लोगों का आकर्षित किया होगा। चिलचिलाती गर्मी से राहत के लिए ठण्डी जलवायु, जैव विविधता, स्वच्छ हवा और पानी, प्रदूषण से मुक्ति के साथ ही कई मठ मंदिरों के आध्यात्मिक लाभ ने भी लोगों को बड़े पैमाने पर आकर्षित किया होगा। लेकिन आज हिमालय सुरक्षित और सुरम्य गोद में त्वरित बाढ़, भूस्खलन, हिमस्खलन, भूकम्प, आसमानी बिजली का गिरना, सूखा, अतिवृष्टि और जंगल की आग जैसी आपदाओं ने जीवन को जोखिम में डाल दिया है। जलवायु परिवर्तन के दूष्परिणाम केदारनाथ, जोशीमठ, मनाली और अमरनाथ की जैसी आपदाओं के रूप में सामने आने लगे हैं। ये प्राकृतिक घटनाएं पहले भी होती थीं लेकिन अब इनकी आवृत्ति और संघातकता काफी बढ़ गई है। हिमालय वासियों को घेर रही इन आफतों के पीछे प्राकृतिक कारणों से अधिक मानवीय कारण जिम्मेदार माने जा रहे हैं।

बढ़ रही है आपदाओं की फ्रीक्वेंसी हिमालय पर

पहाड़ों में त्वरित बाढ़ अक्सर बादल फटने से आती है। ये घटनाएं नई कतई नहीं हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में उनकी संख्या में काफी वृद्धि हो रही है। बारिश के बाद मिट्टी को अवशोषक के रूप में वर्षा को अवशोषित करती है। यदि लगातार बारिश होती है और मिट्टी की सोखने की क्षमता से अधिक बारिश होती है, तो यह ओवरफ्लो हो जाती है।

हिमालय क्षेत्र में भूस्खलन आमतौर पर प्राकृतिक कारणों से होता है, जैसे भूगर्भीय हलचल के कारण उच्च भूकंपीयता, आसानी से नष्ट होने वाली तलछटी चट्टानें, संकरी घाटियों में तीव्र गति से बहने वाली नदियां जिनमें तेज कटाव होता है और जब बोल्डर, मलबे और टूटे पेड़ों के साथ बहुत तेज गति से बहने वाली ये नदियां चलती हैं तो बहुत खतरनाक रूप ले लेती हैं। जंगल की आग और बाढ़ पूरे हिमालय में जलवायु परिवर्तन के दो प्रमुख लक्षण माने जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले दो दशकों में हिमालय में आकस्मिक बाढ़ में वृद्धि का एक प्रमुख कारण बढ़ती जा रही जंगल की आग है।

अंग्रेजों के पसंदीदा हिल स्टेशन सबसे असुरक्षित

अंग्रेज जब धीरे-धीरे हिन्दुस्तान में पांव पसार रहे थे तो उन्हें अपने तथा अपनी सेना के लिए जलवायु की दृष्टि से अनुकूल शिमला, मसूरी, नैनीताल, दार्जिलिंग और चकराता जैसे पहाड़ी नगर बसाने पड़े। अंग्रेजों ने सन् 1864 में शिमला को ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया। इससे पहले 1862 में नैनीताल को नार्थ वेस्टर्न प्रोविन्स की ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया गया। सन् 1857 की गदर के बाद तो अंग्रेजों ने इन हिल स्टेशनों को अपने तथा अपने परिवारों के लिए सबसे सुरक्षित माना। दरअसल, अंग्रेज गर्म मौसम को मलेरिया और हैजा जैसी महामारियों का कारण मानते थे। अंग्रेजों ने हिल स्टेशनों को ऐसे सैनिटोरियम के रूप में विकसित किया जहां सैनिकों को आराम करने और बीमारियों से उबरने के लिए भेजा जा सकता था।

जयसिंह रावत

मिला जुला

सिंधिया साथ नहीं लेकिन 'ग्वालियर का किला' नहीं खोना चाहती कांग्रेस...

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश में कुछ महीने बाद विधानसभा चुनाव हैं. सत्ता में वापसी के लिए कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंकना शुरू कर दिया है. पार्टी का जिन इलाकों में विशेष फोकस है, उनमें पहला नाम ग्वालियर-चंबल का है. इस इलाके को कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है. यहां से पहले माधवराव सिंधिया और फिर उनके बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस संगठन को धार देते रहे हैं. दशकों से पार्टी के लिए यह मजबूत दुर्ग के रूप में गिना जाता है. लेकिन, 2022 में सत्ता के उलटफेर और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीजेपी में शामिल होने के बाद कांग्रेस ने अपने इस किले को बचाए रखने के लिए खास फोकस कर दिया है. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी शुक्रवार को ग्वालियर में एक रैली को संबोधित करेंगी. प्रियंका 40 दिन में दूसरी बार मध्य प्रदेश पहुंच रहीं हैं.

बाराबंकी में बांके से काट दी बहन की गर्दन, कटा सिर लेकर जा रहा था कोतवाली, गिरफ्तार

बाराबंकी। बाराबंकी जिले में फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवक ने अपनी नाबालिग बहन का बांके से सिर काट कर हत्या कर दी। बेखौफ युवक बहन के कटे हुए सिर को लेकर कोतवाली की ओर चल पड़ा। जिसने भी यह नजारा देखा वह दहशत में दिखा। ग्राम प्रधान की सूचना पर पुलिस ने रास्ते से ही युवक को गिरफ्तार कर लिया। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बालिका गांव के ही युवक चांद बाबू के साथ भाग गई थी। बालिका के पिता ने इसे लेकर फतेहपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था।

24 घंटे बाद भी जारी रेस्क्यू ऑपरेशन

रायगढ़ लैंडस्लाइड में अबतक 16 मौतें, बारिश बढ़ा रही मुसीबत

नई दिल्ली। मुंबई से सटे रायगढ़ की एक दुर्गम पहाड़ी पर स्थित इरशालवाड़ी गांव लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया था. घटना की खबर सामने आते ही रेस्क्यू टीमें लोगों के बचाव के लिए उस पहाड़ी पर पहुंचीं. कल शाम खराब मौसम और अंधेरे की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन को रोक दिया गया था. हालांकि, आज (शुक्रवार) सुबह से एक बार फिर रेस्क्यू ऑपरेशन दोबारा चलाया गया है. मौसम विभाग की मानें तो आज भी रायगढ़ में भारी बारिश का अलर्ट है. ऐसे में रेस्क्यू ऑपरेशन में परेशानी आ सकती है.

रेस्क्यू ऑपरेशन में आ रहीं ये परेशानियां

इरशालगढ़ गांव पर बुधवार रात करीब ग्यारह बजे पहाड़ टूटकर गिरा और पूरा का पूरा गांव लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया. तब से ही यहां रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. बुधवार रात से शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन आज शुक्रवार सुबह तक जारी है. इस रेस्क्यू ऑपरेशन में हजार रेस्क्यूकर्मी जुटे हुए हैं जिसमें एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ इलाके के सैंकड़ों पर्वतारोही भी शामिल हैं. रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल बचावकर्मियों का कहना है कि ऊपर हालात बेहद विषम हैं. उन्होंने बताया कि लैंडस्लाइड की वजह से पहाड़ी पर मलबे का ढेर है और उस मलबे को कहां हटाया जाए इसको लेकर बचावकर्मियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. साथ ही, लगातार हो रही बारिश के चलते भी पहाड़ी पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला पाना मुश्किल हो रहा है. बताया जा रहा है कि इरशालवाड़ी गांव में करीब 48 परिवार और 46 घर थे. मलबे में कितने लोग फंसे हैं इसका सटीक अंदाजा मुश्किल हो रहा, लेकिन माना जा रहा है कि करीब 50 से 100 के बीच लोग मलबे में हो सकते हैं. इस लैंडस्लाइड की घटना में अबतक 16 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं.

पहाड़ी पर ही किया जाएगा मृतकों का अंतिम संस्कार

इरशालवाड़ी तक रास्ता एक खड़ी चढ़ाई से होकर जाता है. वहीं, इस चोटी पर चढ़ने में करीब दो से ढाई घंटे लगते हैं. इन परिस्थितियों को देखते हुए ही प्रशासन ने फैसला किया है कि सभी मृतकों का अंतिम संस्कार ऊपर चोटी पर ही किए जाएगा. बता दें, महाराष्ट्र के सीएम राहत बचाव के कार्य का जायजा लेने खुद घटनास्थल पर पहुंचे. यहां सीएम ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और पीड़ितों को हर संभव मदद की बात कही. सीएम एकनाथ शिंदे ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख के मुआवजे का ऐलान भी किया. साथ ही, ये भी कहा कि इस घटना में घायल हुए लोगों का इलाज सरकार द्वारा करवाया जाएगा.

अहमदाबाद ब्रिज हादसे में आरोपी ने कबूला- 120 की स्पीड में थी कार, इससे गई 9 की जान; 15 से ज्यादा घायल

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद शहर में बुधवार रात को एक बेकाबू जगुआर कार ने करीब 30 लोगों को रौंद दिया था। इस हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 15 से ज्यादा घायल हैं। घायलों में 4 की हालत गंभीर है। घायलों का इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है।

भीड़ ने की थी आरोपी की पिटाई

इस हादसे का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कार चला रहे आरोपी तथ्य पटेल यह बात कबूल करते सुना जा सकता है कि हादसे के वक्त उसकी कार की स्पीड 120 की थी। दरअसल, हादसे के बाद भीड़ ने तथ्य पटेल की जमकर पिटाई कर दी थी। इसके बाद उसे भी हॉस्पिटल ले जाया गया था। यहां पर कुछ लोग उससे सवाल करते

नजर आ रहे हैं। एक सवाल के जवाब में तथ्य कहता है- 'अरे भाई, मैंने सच में लोगों को नहीं देखा, वरना मैं ब्रेक लगा देता।'

पुलिस को हादसे से जुड़े कई वीडियो मिले हैं। एक वीडियो में कार भीड़ को रौंदते हुए साफतौर पर नजर आ रही है। पुलिस तथ्य पटेल के इस कबूलनामे के वीडियो को भी रिकॉर्ड में रखकर जांच के लिए भेज दिया है। आरोपी तथ्य पटेल को रात को ही पुलिस थाने ले आया गया था, जहां वह बड़े आराम से सवालों का जवाब दे रहा था। उसके चेहरे पर कोई अफसोस नहीं था। तथ्य का पिता भी थाने पहुंच गया था। तथ्य का पिता प्रज्ञेश पटेल गैंगरेप का आरोपी रह चुका है। पुलिस ने प्रज्ञेश को भी हिरासत में ले लिया है। तथ्य पटेल की कार में उसके पांच दोस्त (आर्यन पांचाल, शान सागर, श्रेया, धवनी और मालविका पटेल) भी थे। कार तथ्य ही चला रहा था। पुलिस इनकी भी मेडिकल जांच करवा रही है।

राजभर के एनडीए में शामिल होने पर खुश सीएम योगी?

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले एनडीए में शामिल होने के बाद सुहेलदेव समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर आगे की रणनीति में जुट गए हैं. राजभर ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से मुलाकात की. इसके बाद वो डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिले और फिर सीएम योगी आदित्यनाथ से भी उन्होंने शिष्टाचार मुलाकात की है. राजभर ने दावा किया कि उनके बीजेपी के साथ आने से सीएम योगी आदित्यनाथ काफी खुश हैं. उनके कहने पर ही वो दिल्ली में बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करने गए थे. दरअसल, ओम प्रकाश राजभर जब से एनडीए में शामिल हुए हैं तब से सीएम योगी आदित्यनाथ की ओर से उन्हें लेकर कोई ट्वीट या शुभकामना संदेश नहीं आया है. ऐसे में कई विरोधी दलों समेत ये चर्चा की जा रही थी कि आखिर सीएम योगी ने उन्हें लेकर कोई ट्वीट क्यों नहीं किया जिस पर अब राजभर ने सफाई दी है. ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मुलाकात करने के बाद वो सीएम योगी से मिले हैं. मुख्यमंत्री उनके एनडीए में शामिल होने पर काफी खुश हैं.

नाम नहीं पचा पा रहे कई दल, चुनाव से पहले कई सुझाव

नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन के 'INDIA' नाम को लेकर रार अब तक थमी नहीं है। अब खबर है कि गठबंधन के कुछ बड़े दलों ने नाम में बदलाव कर साथ में कोई शब्द जोड़ने (प्रत्यय) का सुझाव दिया है। कहा जा रहा है कि इनमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड और लालू प्रसाद यादव की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनता दल है। हालांकि, दोनों दलों ने आधिकारिक तौर पर इसे लेकर कुछ नहीं कहा है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को जदयू के राजीव रंजन सिंह ललन और राजद के मनोज झा ने ड्ढह्लष्ठ्ठ के बाद फ्रंट शब्द जोड़ने का सुझाव दिया है। अगर इसपर सहमति बनी तो गठबंधन 'INDIA फ्रंट' कहलाएगा। खास बात है कि मॉनसून सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कमरे में हुई बैठक में यह सुझाव रखा गया है।

संसद की कार्यवाही 24 जुलाई तक स्थगित

लोकसभा में मणिपुर को लेकर हंगामा; राजनाथ बोले- हम चर्चा के लिए तैयार

नई दिल्ली ए.। संसद के मानसून सत्र का आज दूसरा दिन है। शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही कुल 19 मिनट चली फिर इसे 24 जुलाई तक स्थगित कर दिया गया। सुबह 11 बजे लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बयान दिया, सरकार मणिपुर पर चर्चा करने को तैयार है। कुछ दल हैं जो सदन चलने नहीं देना चाहते। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही कुल 18 मिनट चली फिर इसे भी 24 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया गया। कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों ने संसद के दोनों सदनों में मणिपुर हिंसा पर चर्चा करने के लिए नोटिस दिया है। विपक्षी पार्टियों ने लोकसभा में रूल 193 और राज्यसभा में रूल 176 और रूल 267 के तहत नोटिस दिए हैं। लोकसभा में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी, मनिकम टैगोर और राज्यसभा में आप सांसद संजय सिंह और RJD नेता मनोज कुमार झा सहित कई सांसदों ने नोटिस देकर मणिपुर हिंसा पर चर्चा करने की मांग रखी। गुरुवार को मानसून सेशन के पहले दिन भी संसद के दोनों सदनों में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने मणिपुर घटना पर हंगामा शुरू कर दिया था।

संस्कार भारती द्वारा आयोजित पांच दिवसीय संगीत प्रशिक्षण समापन में शामिल हुए-राम लखन पैंकरा

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

सरस्वती शिशु मंदीर कुसमी में संस्कार भारती द्वारा पांच दिवसीय संगीत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। इस संगीत प्रशिक्षण में सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थी, स्वामी आत्मानंद के विद्यार्थी,संत अन्ना के विद्यार्थी, एकलव्य के विद्यार्थी,कुसमी पब्लिक स्कूल के बच्चे इन सभी विद्यालय के छात्र-छात्राएं 150 से अधिक विद्यार्थीयो ने बढ़-चढ़ कर संगीत प्रशिक्षण में हिस्सा लिया।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शंकरगढ़ के जनपद अध्यक्ष शिवशंकर मरावि और रामलखन पैंकरा का आगमन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्कार भारती बलरामपुर रामानुजगंज के जिला अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी अध्यक्ष अंजय मेहता छत्तीसगढ़ वेलफेयर सोसाइटी के आकाश तिवारी, सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष विनोद गुप्ता, व्यवस्थापक रामेश्वर ओझा, प्राचार्य संत कुमार तिवारी,कवि पंकज गुप्ता, नागपुरी प्रसिद्ध गायक दिनेश नाग, गायिका रागिनी भगत, गीतकार अनुज यादव, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिव शंकर मरावी ने कहा कि संस्कार भारती का यह कार्य समाज को एक अलग दिशा और पहचान देगी इतनी संख्या में बच्चों को एक साथ व्यवस्थित ढंग से प्रशिक्षण देना देख में बहुत प्रभावित हुआ। संस्कार भारती के सदस्य और प्रशिक्षक बधाई के पात्र हैं मुझे जब भी संस्कार भारती के द्वारा याद किया जाएगा मैं संस्कार भारती के लिए सभी तरह से तैयार रहूंगा, वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामलखन पैंकरा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र और धर्म की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रकल्प संस्कार भारती के द्वारा जिस तरीका से हमारे वनांचल क्षेत्र में कला का विस्तार कर रही है यह अभूतपूर्व है इससे समाज में नैतिक मूल्यों के रक्षक जन्म लेंगे कला और साहित्य समाज को जोड़ने का कार्य करती है कला और साहित्य के माध्यम से मनुष्य ईश्वर के शरण में रहता है हम सभी को संगीत कला की बारीकियों का ज्ञान रखना चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी ने कहा कि संस्कार भारती का प्रयास है जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कला का विस्तार करना पंचायत स्तर पर कला साधक का सहयोग करना और टोली बनाकर कला के हर आयाम को ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ाना संगीत साहित्य नृत्य रंगोली रंगमंच और अन्य सभी विधाओं के प्रमुख गुनी जनों को बुलाकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण के माध्यम से कला का विस्तार करना हमारा प्रमुख कार्य है जिसे हम सभी आगे भी करते रहेंगे। संगीत का प्रशिक्षण दे रहे संस्कार भारती सरगुजा संभाग प्रभारी पवन कुमार पांडे ने बताया कि यह हमारा सौभाग्य है कि मैं कला के माध्यम से कुसमी के लोगों का सेवा कर पा रहा हूं लोगों का यह भीड़ देख हृदय गदगद है पांच दिवसीय संगीत प्रशिक्षण शिविर में जितने बच्चे लाभ ले रहे हैं उनसे आग्रह है कि वह अपने घर अपने समाज में रहे कला साधकों को या लाभ पहुंचाने का कार्य करेंगे। संस्कार भारती के महामंत्री लक्ष्मण यादव, जिला उपाध्यक्ष दिनेश बिंद, संगीत विद्या प्रमुख मयंक गुप्ता, सोनू कश्यप आगे बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम को कराने का प्रयास किया अंत में महामंत्री लक्ष्मण यादव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

एक नजर

देशी कट्टा लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

गुरूवार को चौकी खड़गवां पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम धरमपुर के दलदलीपारा में एक व्यक्ति देशी कट्टा लेकर आने.-जाने वाले लोगों को भय दिखाकर डरा-धमका रहा है। सूचना से पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला को अवगत कराया गया जो उन्होंने त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। चौकी खड़गवां की पुलिस टीम के द्वारा ग्राम धरमपुर दलदलीपारा में घेराबंदी कर राजेन्द्र तिर्की पिता अमरसाय उम्र 34 वर्ष को पकड़ा जिसके कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा को जप्त कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर उसे गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड़गवां विमलेश सिंह, प्रधान आरक्षक संजय सिंह यादव, आरक्षक कृष्णकांत पाण्डेय सक्रिय रहे।

स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की अंतिम मेरिट सूची जारी

31 जुलाई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिले में फार्मासिस्ट ग्रेड-2, ड्रेसर ग्रेड-1, ड्रेसर ग्रेड-2, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, पुरूष, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, महिला एवं डार्करूम असिस्टेंट के पद पर भर्ती किए जाने हेतु ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों की दावा-आपत्ति हेतु समस्त पात्र-अपात्र आवेदकों की अनंतिम मेरिट सूची मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में चस्पा किया गया है।

उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदक को कोई आपत्ति हो तो वे 31 जुलाई 2023 तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिंदल रोड भगवानपुर, रायगढ़ में कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते है। किसी भी अभ्यर्थी का व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में सीधे आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले कोई भी दावा-आपत्ति अभ्यावेदन मान्य नहीं होंगे। दावा-आपत्ति हेतु विस्तृत जानकारी अनंतिम मेरिट सूची रायगढ़ जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in में अपलोड किया गया है। अभ्यर्थी वेबसाईट के माध्यम से भी सूची का अवलोकन कर सकते है।

1 से 13 अगस्त तक जिले में मनाया जाएगा वजन त्यौहार

6 वर्ष से कम आयु के बच्चों का वजन लेकर पोषण स्तर का किया जाएगा माप

* समस्त अभिभावकों से वजन त्यौहार में बढ़-चढ़ कर भाग लेने हेतु किया गया आग्रह

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

जिले में 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों में पोषण स्तर के आंकलन हेतु समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी 1 अगस्त से 13 अगस्त 2023 तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने वजन त्यौहार के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसका उददेश्य जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान सभी विकासखण्डों में क्लस्टरवार वजन त्यौहार का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत प्रत्येक गांव, आंगनबाड़ी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों का वजन लेकर उनका पोषण स्तर, बौनापन तथा दुर्बलता का माप किया जाएगा। साथ ही बच्चों के पोषण स्तर के बारे में अभिभावकों को अवगत कराते हुए उन्हें कुपोषण के संबंध में जागरूक कर, बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने हेतु उचित परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राप्त आंकड़ो के आधार पर जिले में कुपोषण की दर में कमी लाने हेतु लक्ष्यों का निर्धारण कर उपयुक्त कार्ययोजना बनाई जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जिले के समस्त अभिभावकों से वजन त्यौहार में बढ़.चढ़ कर भाग लेने और अपने बच्चों का वजन कराने की आग्रह किया है।

प्रशासन तुंहर द्वार अभियान के तहत ग्राम पंचायत रसौटा में हुआ शिविर का आयोजन

*शिविर में कुल 295 आवेदन हुए प्राप्त * 170 प्रकरणों का किया गया त्वरित निराकरण*

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चांपा।

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले आमनागरिकों की शिकायतों, समस्याओं आदि के निराकरण के लिए विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों के नजदीक पहुंचते हुए प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजन से प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले के विकासखंड पामगढ़ के ग्राम पंचायत रसौटा में प्रशासन तुंहर द्वार अभियान शिविर का आयोजन किया गया। प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में कुल 295 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में 170 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इसके साथ शिविर में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कार्यप्रणाली की जानकारी और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में पंचायत विभाग के 179, राजस्व विभाग के 68, विद्युत विभाग के 9, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 1, शिक्षा विभाग के 4, महिला एवं बाल विकास विभाग के 1, खाद्य विभाग के 4, कृषि विभाग के 1,

आदिवासी विकास विभाग 1, सहकारिता विभाग के 1, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के 4, समाज कल्याण विभाग के 20 और जल संसाधन विभाग के 1 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार कुल 295 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 170 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया है तथा शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को जल्द निराकरण करने निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य रोजगार गारंटी परिषद शेषराज हरबंश, माटी कला बोर्ड की सदस्य पुनीता प्रजापति, अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य राम पप्पू बघेल, श्रम कल्याण मंडल के सदस्य हरप्रसाद साहू, रवि शेखर भारद्वाज, सरपंच रसौटा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. ज्योति पटेल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत तरौद में 27 जुलाई को होगा प्रशासन तुंहर द्वार शिविर का आयोजन

इसी प्रकार अकलतरा 27 जुलाई को विकासखंड अकलतरा ग्राम पंचायत तरौद में शिविर का आयोजन किया जाएगा। नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत हरदी में 3 अगस्त को, 10 अगस्त को बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत बसंतपुर में, 17 अगस्त को बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पंचायत चोरिया में, 24 अगस्त को पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कोसला में एवं 31 अगस्त को अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत मधुवा में प्रशासन तुहंर द्वार शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत के नागरिकों से शिविर में शामिल होकर ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की गई है।

शिविर में ईव्हीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

24 से 28 जुलाई तक चलेगा रोजगार मेला सप्ताह

साढ़े आठ सौ से अधिक पदों पर होगी भर्तियां

रोजगार मितान पोर्टल में पंजीकृत आवेदक साक्षात्कार में हो सकते उपस्थित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। युवाओं में कौशल विकास तथा रोजगार के मौके उपलब्ध कराने के लिए इस दिशा में जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रही है। ताकि स्थानीय युवाओं को उनके योग्यतानुसार उद्योगों में अधिक से अधिक रोजगार मिल सके। इसी कड़ी में आगामी 24 से 28 जुलाई तक रोजगार मेला सप्ताह का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग साढ़े आठ सौ से अधिक पदों पर भर्ती की जायेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी रामजीत राम ने बताया कि निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेट को बढ़ावा देने के लिए आगामी 24 से 28 जुलाई 2023 तक रायगढ़ मितान पोर्टल में पंजीकृत आवेदकों के लिए रोजगार मेला सप्ताह का आयोजन होने जा रहा है। अतएव पोर्टल में पंजीकृत आवेदक निर्धारित तिथि को ट्रेड के अनुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते है। आवेदक रिक्तियों की विस्तृत जानकारी रोजगार मितान पोर्टल https://raigarhroz-garmitan.in में भी अवलोकन कर सकते है। रोजगार मेला सप्ताह के दौरान 24 से 28 जुलाई तक 30 नियोजकों के माध्यम से लगभग 856 रिक्तियां शामिल है। इनमें 24 जुलाई को 10 नियोजकों के माध्यम से कुल 139 तकनीकी रिक्तियां एवं अप्रेंटिसशिप शामिल है। जिसके लिए आईटीआई, डिप्लोमा से संबंधित शैक्षणिक योग्यता होना आवश्यक है। इसी तरह 25 जुलाई को 10 नियोजकों के माध्यम से 168 तकनीकी रिक्तियां एवं अप्रेंटिसशिप के लिए स्नातक, डिप्लोमा, बीई, आईटीआई जरूरी है। 26 जुलाई को 8 नियोजकों के माध्यम से 214 गैर तकनीकी रिक्तियों के लिए 12 एवं स्नातक, 27 जुलाई को एक नियोजक के माध्यम से 325 सिक्युरिटी सर्विस से संबंधित रिक्तियां शामिल है, जिसके लिए 10 वीं, 12 वीं एवं स्नातक की योग्यता जरूरी है। इसी तरह 28 जुलाई को 1 नियोजक के माध्यम से 10 रिक्तियों में डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स में नि:शुल्क प्रशिक्षण स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड अप्लाइड न्यूट्रीशन रायपुर हेतु चयन किया जाएगा। इसके लिए 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

12 वाहनों के लिए खनिज विभाग की कार्यवाही

* 2 लाख 21 हजार 431 का लगा अर्थदण्ड, अवैध परिवहनकर्ताओं पर

* टास्कफोर्स, उत्खनन व परिवहनकर्ताओं की कर रहा सतत मॉनिटरिंग

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

खनिज शाखा विभाग के अंतर्गत खनिज, राजस्व एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा संयुक्त टीम गठित कर जिले में खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध सतत जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। जांच के दौरान पत्थर, मिट्टी, मुरूम, मिट्टी ईट, रेत आदि का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर ऐसे कार्यों में संलग्न मशीनरी एवं वाहनों को नियमानुसार जप्त कर अवैध उत्खनन, परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। इसके साथ ही अर्थदंड लगाकर वसूली भी की जा रही है। जुलाई माह में अब तक विभागीय अमला एवं जिले में गठित टास्क फोर्स द्वारा पत्थर, गिट्टी, मुरूम, मिट्टी ईंट, रेत अवैध परिवहन में संलग्न कुल 12 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अवैध परिवहनकर्ताओं से अर्थदण्ड के रूप में 2 लाख 21 हजार 431 रुपये की राशि वसूली की जा चुकी है।

रीपा में कार्यरत श्रमिकों के साथ उनके बच्चों को भी मिले विभागीय योजनाओं का लाभ-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रीपा के कार्यों एवं संचालित गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने विकासखंडवार रीपा गोठानों के लिए चयनित गतिविधियों एवं वर्तमान में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने दुर्गापुर में गौठान चयन के फलस्वरूप गतिविधियों के प्रभावित होने एवं मुख्यालय में निवास नही करने पर जनपद सीईओ धरमजयगढ़ को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार हैण्डलूम विभाग को निर्देश के बाद भी रीपा गोठान में अपनी गतिविधि संचालित नहीं करने पर हैण्डलूम विभाग के अधिकारी का वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा रीपा के आजीविका मूलक कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री जितेन्दर यादव भी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिन्हा ने रीपा में कार्यरत लोगों का श्रमिक कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए थे। जिसके फलस्वरूप श्रम विभाग द्वारा असंगठित क्षेत्र के लगभग 494 मजदूरों का श्रमिक कार्ड बनाया गया है। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि गोठानों में कार्यरत इन सभी मजदूरों के बच्चों को छात्रवृत्ति, गर्भवती महिलाओं एवं शादी योग्य बच्चियों को श्रम विभाग में संचालित सभी योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने डोंगीतराई रीपा की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा कि मुर्गी पालन के कार्य को अतिशीघ्र प्रारंभ करें। साथ ही उन्होंने कहा कि गौठान में कोदो-कुटकी, रागी जैसे मिलेट्स पैंकेजिंग का कार्य बेहतर है। इसे विस्तार देते हुए व्यावसायिक रूप में बड़े पैमाने पर किया जाए। इसी प्रकार पण्डरीपानी में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली एवं शेष कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैहामुड़ा रीपा में सीएससी संचालिका की बेहतर कार्य की सराहना की। उन्होंने पुसौर रीपा में गोबर पेंट के उत्पादन बढ़ाने एवं दुर्गापुर में गोबर पेंट के यूनिट अतिशीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तमनार, बोतल्दा, मीलूपारा, मुकडेगा, कोड़ासिया जैसे विभिन्न गोठानों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मत्स्य विभाग को निर्देशित किया कि जिन गोठानों के पास तालाब है, वहां मत्स्य पालन के लिए कार्ययोजना बनाएं। इस दौरान उन्होंने उद्यानिकी, सेरीकल्चर, हथकरथा, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र के रीपा में संचालित गतिविधियों की भी समीक्षा की।

आदिवासी दिवस पर आदिवासी उद्यमी होंगे सम्मानित

कलेक्टर सिन्हा ने रीपा में कार्यरत आदिवासी उद्यमियों की जानकारी लेते हुए गोठानों में कार्यरत सफल आदिवासी उद्यमियों का नाम भेजने के निर्देश दिए, जो रीपा में बेहतर कार्य कर है। उन्हे आगामी 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने लोन से संबंधित प्रकरण की जानकारी ली। उन्होंने बैंक के प्रतिनिधियों को रीपा उद्यमी के लोन प्रकरण को स्वीकृत करने के निर्देश दिए।

बैकवर्ड फारवर्ड लिंकेज पर करें फोकस

कलेक्टर सिन्हा ने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित कि गोठानों में ऐसी गतिविधियों को संचालित करें जिसकी मांग मार्केट में हो। उन्होंने सीईओ जनपद से बैकवर्ड फारवर्ड लिंकेज पर कार्य करने के निर्देश दिए ताकि व्यवसाय सस्टेनेबल हो सके। उन्होंने कहा कि रीपा के बने उत्पाद के गुणवत्ता के साथ कम कीमत में उपलब्ध हो सुनिश्चित किया जाए।

रीपा गोठानों में स्थानीय पौधों का करें वृक्षारोपण

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सभी रीपा गोठानों में वृक्षारोपण की जाए। उन्होंने कहा कि रोपण हेतु बड़े पौधों का चयन करें ताकि जीवित रह सके। उन्होंने स्थानीय पौधे जैसे महुआ, आम, इमली, बरगद आदि के रोपण के निर्देश दिए।

सभी स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के दिए निर्देश

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केसरी द्वारा कोरबा विकासखण्ड के रानी धनराज कुंवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पताढ़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसमा एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर उरगा का औचक निरीक्षण करते हुए सभी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारियों-कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति की जानकारी लेते हुए उपस्थिति पंजी का अवलोकन एवं संस्थाओं की ओ.पी.डी. आई.पी.डी. प्रसव कक्ष, दवा वितरण कक्ष, भंडार कक्ष, पैथोलॉजी, वैक्सीनेशन कक्ष सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को समय पर संस्था में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही केंद्रों में दवाईयों की उपलब्धता, उपकरणों तथा दस्तावेजों का सही रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार हेतु कार्यों की गुणवत्ता में वृद्धि करने, विद्युत व्यवस्था अच्छी रखने, अस्पताल सहित पूरे परिसर की साफ -सफाई रखने के निर्देश दिए। समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रसव कक्ष को मेटरनल हेल्थ गाइडलाईन के अनुरूप बनाने, एन.सी.डी. सिकलसेल, आयुष्मान भारत किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक इत्यादि समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन बेहतर ढंग से संचालित करने तथा समस्त कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग समय पर ऑनलाइन व ऑफ लाइन करने हेतु स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया। रानी धनराज कुंवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में एक्सरे व सोनोग्राफी मशीन चालू करने के लिए खण्ड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर कार्य संपादन करने एवं मुख्यालय में रहने के निर्देश दिए। डॉ. केसरी ने बरसात के मौसम में मौसमी बीमारियों से निपटने, सर्पदंश और डायरिया नियंत्रण हेतु आवश्यक सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। इस हेतु स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक सभी दवाएं रखने तथा समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने के लिए कहा। साथ ही आमजनों में इस संबंध में जागरूकता लाने हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए।

एक नजर

प्रशासनिक अधिकारियों का स्थानांतरण

कुसमी एसडीएम होंगे चेतन साहू, फिर से मिला कुसमी अनुविभाग का प्रभार

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

कार्यालय कलेक्टर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा जारी नए आदेश के तहत बलरामपुर जिले में भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश को अतिक्रमित करते हुए अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई है। जिसके तहत राजपुर के एसडीएम चैतन साहू को कुसमी एवं शंकरगढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है एवं राजपुर में डिप्टी कलेक्टर राजीव जेम्स कुजूर एसडीएम का कार्यभार सौंपा गया है। अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख उल्लेखित कार्यालय शाखाओं के प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

मत्स्य आखेट पर रहेगा प्रतिबंध, मछलियों के संरक्षण हेतु 15 अगस्त तक बंद ऋतु घोषित

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

जिले में वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि को ध्यान में रखकर उनके संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत 15 अगस्त 2023 तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत जिले के समस्त नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, छोटे-बड़े जलाशयों में सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

सहायक संचालक मछली पालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नियमों का उल्लंघन करने तथा अपराध सिद्ध होने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के तहत 1 वर्ष का कारावास तथा 10 हजार रूपए का जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्रोत या नदी-नालों को छोड़कर जिनका संबंध किसी नदी-नाले से नहीं है, इसके अतिरिक्त जलाशय जिनमें केज कल्चर का कार्य किया जा रहा है, उनमें मत्स्य अधिनियम लागू नहीं होंगे।

भारतीय रेडक्रास सोसायटी कोरबा का राजस्व मंत्री सरंक्षक एवं महापौर उप संरक्षक के रूप में सदस्यता किया ग्रहण

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा रायपुर के निर्देशानुसार कोरबा जिले में कलेक्टर व अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा कोरबा संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा कोरबा डॉ. एस.एन. केसरी के सफल नेतृत्व में रेडक्रास सोसायटी शाखा कोरबा संचालित है। स्वयं सेवी संस्थाओं की सामाजिक भूमिका एवं दायित्वों को पूरा करने एवं निभाने वाली संस्था के रूप में भारतीय रेडक्रास सोसायटी का नाम सबसे पहले और सम्मान के साथ लिया जाता है। मानव सेवी भावनाओं एवं पीड़ित मानवता की सेवा करने को अपना उद्देश्य मानने वाली रेडक्रास सोसायटी का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कार्य क्षेत्र का व्यापक विस्तार हुआ है तथा लोगों में इसके प्रति अपेक्षाएं बढ़ी है। कोरबा जिला एक वनांचल व आदिवासी बाहुल्य जिला है। दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों की कठिनाइयों को दूर करने हेतु जिले में सेवा कार्यो के क्षेत्र में निरंतर विस्तार किया जा रहा है। सामान्य परिस्थितियों में मानव सेवा के कार्यों को निरतंरता तथा गति देने के साथ ही प्राकृतिक आपदा बाढ़, सूखा अथवा भूकंप जैसी परिस्थिति में सेवा करने तथा इन्हें संबल बनाने हेतु कार्यो को व्यवस्थित तथा त्वरित गति से करने के लिए भारतीय रेडक्रास सोसायटी को मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस हेतु जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा सदस्यता अभियान चलाकर संरक्षक, उपसंरक्षक, संस्थागत सदस्य, वार्षिक तथा आजीवन सदस्य बनाया जा रहा है। जिसके लिए सदस्यता शुल्क निर्धारित है। संरक्षक 25000 रूपये, उपसंरक्षक 12000 रूपये, संस्थागत सदस्य 5000 रूपये तथा आजीवन सदस्य 1000 रूपये शुल्क जमा कर रेडक्रास की सदस्यता ग्रहण कर सकते है। इसी कड़ी में जयसिंह अग्रवाल, राजस्व एवं आपदा प्रंबधन, पुनर्वास, पंजीयन एवं स्टांप मंत्री छत्तीसगढ शासन ने संरक्षक एवं महापौर नगर पालिक निगम कोरबा राजकिशोर प्रसाद ने उप ह्मसंरक्षक के रूप में जिला रेडक्रास सोसायटी की सदस्यता ग्रहण की है। कलेक्टर व अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा कोरबा संजीव झा तथा सीएमएचओ व सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा कोरबा केसरी ने जिले वासियों से भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा कोरबा में अधिक से अधिक संख्या में सदस्यता ग्रहण कर मानव सेवा के लिए अपनी महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की है।

स्कूल जाने के नाम पर निकली छात्रा फांसी के फंदे पर लटकी मिली,जांच में जुटी पुलिस

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

मामला थाना क्षेत्र के दोहना की घटना है जहां स्कूल जाने के नाम से घर से निकली स्कूली छात्रा की फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश बरामद हुई है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि छात्रा स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी परंतु वह स्कूल नहीं पहुंची। घटना शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में लगभग 12 से 2 बजे की बताई जा रही है। जहां जोकपाठ निवासी छात्रा 17 वर्षीय लीलावती यादव शंकरगढ़ के बचवार में आपने भाई के साथ किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करती थी। गुरुवार को वह अपने घर से स्कूल ड्रेस पहनकर शंकरगढ़ के मानपुर हाई स्कूल जाने के लिए निकली परंतु वह स्कूल नही पहुंची। जिसके पश्चात दोपहर करीब 2 बजे आईटीआई कालेज के समीप एक पेड़ पर दुपट्टे से फांसी के फंदे में लटकी मिली। छात्रा स्कूल जाने के नाम से घर से निकली थी परंतु वह स्कूल नहीं पहुंची। आत्महत्या का कारण घरेलू विवाद बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची शंकरगढ़ पुलिस ने मौके पर से शव को बरामद कर पंचनामा पश्चात आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं इस घटना के बाद परिजन सदमे में है।

जिला पंचायत सीईओ जितेन्दर यादव ने सेमीनार में दिये छात्रों को कैरियर गाइडेंस के टिप्स

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में प्रति शुक्रवार को जिला ग्रंथालय में कैरियर गाईडेंस सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमीनार का मुख्य उद्देश्य आज के युवा विद्यार्थी वर्ग को उनके कैरियर का चुनाव करने के लिए एक नई सोच एवं दिशा प्रदान करना है। युवा पीढ़ी अपने कैरियर को लेकर बहुत ज्यादा भ्रमित होते रहते है। इस सेमीनार के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा उन सभी विद्यार्थियों को उनके सोच के आधार पर उन्हें एक मंजिल तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। जिसमें जिले में पदस्थ आईएएस, आईपीएसी अधिकारी उनके बीच पहुंच रहे है और उन्हें सफलता के टिप्स दे रहे है। इसी कड़ी में आज जिला पंचायत सीईओ के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी जितेन्दर यादव प्रतिभागियों के बीच उपस्थित रहे।

सीईओ जितेन्दर यादव ने आज उपस्थित विद्यार्थियों को यूपीएससी में वैकल्पिक विषय कैसे चुने और भारतीय संविधान इन दो विषयों पर छात्रों को मार्गदर्शन दिए। सर्वप्रथम उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए उनकी सभी वैकल्पिक जानकारी के साथ पूरी लगन एवं मेहनत से पढ़ाई करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यूपीएससी वैकल्पिक विषयों में प्राप्त अंकों को अंतिम योग्यता की तैयारी के लिए माना जाता है। इसलिए यूपीएससी के लिए वैकल्पिक विषय का चुनाव सावधानी से करना चाहिए। अब उम्मीदवारों को केवल एक वैकल्पिक विषय चुनना होगा। यूपीएससी के लिए सर्वोत्तम वैकल्पिक विषय कैसे चुना जाए, इस पर एक विशेषज्ञ रणनीति के साथ काम करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने भारत के संविधान की प्रमुख विशेषताएं, भारत के संविधान का संक्षिप्त परिचय, राज्यसभा की शक्तियां क्या होती है एवं इससे जुड़ी जानकारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इसका अध्ययन ठीक से करना चाहिए क्योंकि यूपीएससी परीक्षा के लिए भारतीय संविधान का जानना बेहद उपयोगी है। इस दौरान सीईओ श्री यादव ने उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया एवं उनकी जिज्ञासा का समाधान किया। जिला प्रशासन द्वारा वर्तमान में जिला ग्रंथालय में निःशुल्क पीएससी कोचिंग के साथ महिला पर्यवेक्षक की तैयारियां भी करायी जा रही है।

इस अवसर पर एपीसी भुनेश्वर पटेल, केन्द्र समन्वयक मनोज पटेल, लाईब्रेरिन अशोक पटेल, दीपक सिंह सहित लाईब्रेरी के अन्य स्टॉफ एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे बड़ी संख्या में युवा विद्यार्थी शामिल हुए थे।

कांग्रेस नेता का टैंकर डीजल चोरी में लिप्त, पकड़े जाने पर डीजल चोरों ने त्रिपुरा स्टेट राइफल्स को गाली-गलौज करते कोयला खदान बंद करवाने की दी चेतावनी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा में एसईसीएल की सुरक्षा टीम त्रिपुरा स्टेट राइफल ने कुसमुंडा खदान की गाड़ियों से डीजल चोरी कर ले जाते 2 टैंकर को पकड़ा है। टैंकर कुसमुंडा के युवा कांग्रेस नेता अभिषेक आंनद की बताई जा रही है।वहीं जिस ट्रांसपोर्टर के यहां तेल खाली किया जा रहा था वो भी क्षेत्रीय पार्षद की बताई जा रही है उसके मुंशी अरविंद ने डीजल चोर सरगना के दम पर खदान बंद कराने की धमकी दी। घटना एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र का है जहां बीती रात दिनांक के लगभग रात्रि 10 बजे त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के जवानों को प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर खदान परिसर में क्यूआरटी के माध्यम से डीजल चोरी को पकड़ने दबिश दी गई। कुसमुंडा परियोजना अंतर्गत बरकुटा फेस में टैंकर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएफ 7159 को डीजल चोरी करते देखा गया पीछा करने पर टैंकर चालक मौके से टैंकर सहित भाग निकला आगे पीछा करने पर उक्त टैंकर द्वारा मेसर्स केडी ट्रांसपोर्ट की गाड़ी क्रमांक सीजी 12 एस 2198 में अविनाश नाम के व्यक्ति द्वारा डीजल डालते पकड़ाए जांच से पता चला कि टैंकर मालिक अभिषेक आनंद है तथा पूछताछ करने पर अरविंद जो केडी ट्रांसपोर्ट में बतौर मुंशी है। के द्वारा थाने पर रिपोर्ट करने के विरोध में त्रिपुरा स्टेट राइफ ल्स एवं एसईसीएल से विभागीय सुरक्षा जवानों को गाली गलौज करते हुए खदान बंद करने की धमकी दिया गया। बाद में थाना प्रभारी थाना कुसमुंडा को प्राप्त रिपोर्ट पर टैंकर वाहन को जप्त कर लिया गया है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा पत्राचार कर थाना प्रभारी को टैंकर मालिक एवं ट्रांसपोटिंग कम्पनी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने संबंधी अनुरोध किया गया है। कुसमुंडा पुलिस ने टैंकर को जप्ती करते जांच शुरू कर दी है।

एनएच 130-बी पर सिलेंडर लोड वाहन पलटा, चालक की केविन में फंसकर मौत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

नेशनल हाईवे संख्या 130 बी पर केंदई के पास दोपहर हुई सड़क दुर्घटना में वाहन चालक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मोरगा पुलिस यहां पहुंची। तकनीकी संसाधन और लोगों के सहयोग से मृत चालक का शव वाहन के केबिन से निकाला गया। उसकी पहचान नहीं हुई है। शुक्रवार को दोपहर कोरबा जिले के सीमांत क्षेत्र में अंबिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे में यह हादसा हुआ। रसोई गैस के खाली सिलेंडर लेकर बॉटलिंग प्लांट की तरफ जा रहा एक वाहन अनियंत्रित होने के साथ हसदेव नदी के सड़क पुल पर पलट गया। केंदई के पास यह दुर्घटना हुई। बताया जा रहा है कि वाहन संख्या सीजी 04 केएल 3148 में काफी संख्या में गैस सिलेंडर लोड थे। हादसे के दौरान वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह से घूम गया जिससे यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आखिर वाहन किस दिशा से आ रहा था। हादसे में मृत चालक केबिन में पूरी तरह से फंस गया था। जिसे पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद निकाला, हसदेव नदी पुल पर दुर्घटना होने के कारण नेशनल हाईवे पर वाहनों की लाइन दोनों दिशा में लग गई और आवाजाही बाधित हो गई। हाईवे पेट्रोलिंग पार्टी और पुलिस के द्वारा भारी प्रयास करते हुए स्थिति को सामान्य करने की कोशिश की जा रही है।

बॉक्साइट ट्रक की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत को अंजाम देने वाले ट्रक को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के साथ धरदबोचा

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

ज्ञात हो की 12 जुलाई 23 को रात्रि करीब 10 बजे के आस पास कुसमी से अंबिकापुर मार्ग में जनपद कार्यालय कुसमी के पास अज्ञात ट्रक द्वारा ठोकर मारने से 40 वर्षीय युवक मृतक अजय दुबे निवासी जोधपुर चांदो की मौके पर ही मौत हो गई थी।

मौत किस वाहन से हुई इसका पता नहीं लगने के कारण कुसमी नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक द्वारा हड़ताल करते हुए धरना प्रदर्शन करते हुए कुसमी अनुविभागीय को अपनी 3 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसके चलते संबंधित अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द बाई-पास सड़क कंजिया रोड तरफ से भरी बॉक्साइट वाहन एवम खाली वाहन का आवागमन कराने का आम नागरिक सहित जनप्रतिनिधियों को आश्वासन दिया गया। तथा जल्द से जल्द मुआवजा राशि दिलाने की बात कहते हुए, अज्ञात ठोकर मारने वाले ट्रक को पकड़ने की बात कही गई थी। जिसपर तत्परता दिखाते हुए कुसमी के जनप्रतिनिधि गण ब्यापारिक बंधुओ के सहयोग सहित बलरामपुर पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार कुसमी एसडीओपी रितेश चौधरी के मार्गदर्शन में प्रभारी थाना प्रभारी कोमल तिग्गा द्वारा टीम गठित कर टाटीझरिया कांटा घर के पास से वाहन क्रमांक सीण्जी 15, डी.जेड 5104 को पकड़ कर 17 जुलाई 23 को वाहन को कुसमी थाना लाया गया। तथा वाहन चालक से गहन पूछताछ करने पर वाहन चालक रमेश नगेशिया, पिता जय नारायण नगेशिया,उम्र 30 वर्ष ग्राम पुरान पानी, डुमरखोली द्वारा अपना गुनाह करना कबुल किया गया। तथा इसके द्वारा बताया गया की मेरे इसी बाक्साइड वाहन से टक्कर लग जाने के कारण मृतक अजय दुबे की मौत हुई है। यह वाहन आरेश कुमार यादव पिता सुरेश यादव, ग्राम पंचायत टाटीझरिया विरहोर पाठ जो की बीकेबी ट्रांसपोर्ट बॉक्साइट कंपनी में ट्रक का रजिस्ट्रेशन होना बताया गया, वाहन क्रमांक सीजी 15 डी.जेड 5104 से दुर्घटना होना बताया गया। जिसपर कुसमी पुलिस द्वारा लिखित रिपोर्ट के आधार पर 17 जुलाई 23 को के तहत अपराध दर्ज करते हुए धारा 304, के तहत अपराध दर्ज कर वाहन चालक को हिरासत में लेकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

मोदी के बेमिसाल नौ सालों में छत्तीसगढ़ वासी हुए मालामाल-ओपी

दूरदर्शन छत्तीसगढ़ के कार्यक्रम आप की बात के तहत ओपी चौधरी ने बताई मोदी के नौ सालों की उपलब्धियां

जोहार छत्तीगढ़-रायगढ़।

दूरदर्शन छत्तीसगढ़ चैनल के आयोजन आप की बात के तहत भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने मोदी के नौ साल की उपलब्धियों से जुड़े सवालों का जवाब दिया। मोदी सरकार 9 साल पूरे होने पर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके नजरिये के सवाल पर भाजपा महामंत्री ओपी ने कहा 1984 से लेकर 2014 तक गठबंधन की सरकारों का दौर रहा।

पूर्ण बहुमत नहीं मिलने की वजह से टुकड़ों-टुकड़ों में समर्थन की वजह से देश में गठबंधन की राजनीति का मार्ग प्रशस्त हुआ। गठबंधन की वजह से बहुत से राजनैतिक समझौते करने पड़े जिसका नुकसान देश को भुगतना पड़ा। तीन दशकों के बाद भारत वासियों ने मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया। 2014 में पूर्ण बहुमत की सरकार के बाद 2019 के दौरान उससे भी बड़ा जनादेश भारतवासियों ने दिया। अंतर्राष्ट्रीय नजरिए से मोदी के नेतृत्व को समझा जाए तो पहले विदेशों में भारत के प्रधान मंत्री को मुलाकात करने हेतु घंटो इंतजार करना होता था। आज स्थितियां बदल गई है आज विदेशों में मोदी ऑटोग्राफ लेने के लिए होड़ मची है तो कोई उनके पैर छू रहा। मोदी के नेतृत्व में भारत का मान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। सबका साथ,सबका विश्वास,सबका प्रयास के नारे के जरिए प्रधानमंत्री मोदी की सफलता के आकलन के सवाल पर ओपी चौधरी ने कहा सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र में सबका विश्वास सबका प्रयास जोड़ते हुए मोदी ने समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति की

सहभागिता को राष्ट्र से जोड़ने का प्रयास किया। आम व्यक्ति की भूमिका केवल मतदान के जरिए सरकारो को चुनने तक सीमित नहीं रहे बल्कि सरकार की कार्यप्रणाली में भी आम आदमी की भूमिका शामिल होनी चाहिए। इस नए मंत्र की वजह से भारत मजबूती के साथ पूरे विश्व में अपना डंका बजाने में सफ्ल हुआ। देश मे अन्य पार्टियां तुष्टिकरण की राजनीति करती है जबकि भाजपा की राजनीति का आधार संतुष्टिकरण है। तुष्टिकरण किसी के साथ नही और न्याय सबके साथ यही भाजपा की राजनीति की विशेषता है। मोदी सरकार की योजनाएं किसी वर्ग विशेष जाति धर्म विशेष को देख कर नही बनाई गई। जन धन खाते खुलवाने का काम हो, टॉयलेट बनवाने का काम हो, प्रधान मंत्री आवास निर्माण का काम हो, किसानों को सम्मान निधि के तहत सहयोग राशि देने का काम हो या फिर उज्जवला योजना के तहत गैस देने का काम हो इन योजनाओं को हिंदू, मुस्लिम सिक्ख, ईसाई, जाति देखकर नही बनाया गया। केंद्र की मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर ही कार्य करती है। 9 सालों के दौरान अमृत महोत्सव का आयोजन और कोरोना की महामारी का सामना किए जाने के सवाल पर भाजपा नेता ओपी ने कहा कोरोना काल पूरे विश्व के लिए संकट का समय रहा। सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत मे कोरोना का सामना विश्व की तुलना में अधिक चुनौती पूर्ण था लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में कम समय में न केवल बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं को विकसित किया बल्कि कम समय में वैक्सिन बनाकर बड़े पैमाने में निःशुल्क टीकरकरण के जरिए कोरोना महामारी से बचाव किया स जहां वैक्सिन बनने में दशकों लग जाते थे कम समय में ही वैक्सिन बनाकर भारत ने पूरे विश्व को आश्चर्य चकित कर दिया। कोरोना की रोकथाम के लिए किए गए प्रयासों की पूरे विश्व में सराहना हुई। मोदी के नेतृत्व में देश कोरोना का मुकाबला कर पाया। आजादी के बाद निरंतर विकास के बाद विकसित देश बनने की प्रक्रिया ही अमृत काल का महोत्सव है। कठिन क्षणों में आने वाली बाधाओं के बावजूद देश ने आजादी के 75 साल पूरे किए।इस दौरान पूर्ण बहुमत की मोदी सरकार के अपने आठ सालो के कार्यकाल के दौरान आमूल चूल परिवर्तन करते हुए विकसित राष्ट्र को बुनियाद रखी। आत्मनिर्भर भारत के जरिए मोबाईल निर्माण के क्षेत्र में भारत ने बड़ी छलांग लगाई आज विश्व में भारत बड़ा मोबाइल निर्यातक देश है।

कैश लेश लेन देन के मामलो में भारत ने कम समय में ही मानो इतिहास रच दिया। कैश लेश लेन देन में भारत विश्व में सबसे आगे है। विकसित राष्ट्र की कल्पना को साकार करने के लिए राजनीति नफे नुकसान से परे कठोर निर्णय लेना पड़ता है। ऐसे निर्णयों का संबंध वोट बैंक से नहीं होता। 75 साल से 100 साल के मध्य के समय को मोदी ने 2022 से लेकर 2047 के मध्य के समय को अमृत काल की संज्ञा दी है। जिसमे हम विकास से विकसित राष्ट्र के रूप में परिवर्तित हो सकते है। मोदी के ठोस फैसलों से भारत आने वाले समय में विश्व पटल में मजबूती से उभरेगा। नौ सालो के दौरान सभी तबकों के लिए योजनाएं लाई गई विकसित भारत के लिए ग्रामीण क्षेत्र में लाई गई योजनाओं के संबंध में ओपी ने कहा भाजपा का मूल सिद्धांत अंत्योदय का कल्याण है।समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का ध्यान रखना। 11 करोड़ लोगों के लिए टॉयलेट निर्माण, 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क हर माह खाद्यान वितरण, 48 करोड़ लोगों का जन धन के तहत खाता खोलना, 3 करोड़ लोगों को आवास, 11 करोड़ किसान को सम्मान निधि के 6 हजार रूपए प्रति वर्ष का भुगतान 9 करोड़ लोगो के घर नल जल योजना के तहत पानी पहुंचाना, 50 करोड़ लोगों को आयुष्कान योजना के तहत पांच लाख रुपए तक इलाज की सुविधा, 220 करोड़ से अधिक लोगों का निःशुल्क वैक्सिनेशन ए प्रतिदिन 12 किलोमीटर बनने वाली सड़क को बढ़ाकर प्रतिदिन 37 किलोमीटर सड़क का निर्माण,एयरपोर्ट की संख्या 34 से बढ़कर 148 पहुंच गई। इसका लाभ देश के सभी वर्गो को मिला है गरीबों को टॉयलेट आवास नल जल योजना के साथ खाद्यान योजना का लाभ मिला तो संपन्न तबके के लोगों को सड़क एयरपोर्ट के निर्माण का लाभ मिला। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र छत्तीशगढ़ को 9 सालो के दौरान मिली योजनाएं के लाभ के सवाल पर ओपी चौधरी ने कहा मोदी ने भारत में आयुष्मान योजना की शुरुवात छत्तीशगढ़ बीजापुर जिले के जांगला नामक स्थान से की। नक्सल क्षेत्र दंतेवाड़ा स्थित एजुकेशन सिटी में मोदी गए। छत्तीशगढ़ में अधिकांश जिले विकास के नाम पर पिछड़े हुए हैं। उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अतिरिक्त राशि स्वीकृत की। ग्रामीण एवं पहाड़ी क्षेत्रो अधिकांश माइनिंग का कार्य होता है। माइनिंग के जरिए डीएउमएफ फं ड पहले राज्य सरकार और केंद्र सरकार को जाता था लेकिन अब उस फंड का 30 प्रतिशत हिस्सा स्थानीय स्तर पर विकास के लिए देना निर्धारित किया गया हालांकि राज्य सरकार के कई जगह इस राशि के दुरुपयोग की बाते भी सामने आई है।

किसान परिवारों को नाशपाती खेती से मिला रोजगार

* कलेक्टर एवं यूनिसेफ की टीम ने छिछली में नाशपाती पौधे का किया रोपण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने रायपुर से आए यूनिसेफ टीम के साथ भ्रमण के दौरान बगीचा विकासखंड के ग्राम छिछली पहुंचे। जहां उन्होंने किसान रामजन मिंज के भूमि पर नाशपाती पौधे का पौधरोपण किया।

इस दौरान जगसाय भगत, अमृत कुजुर, विनय प्रकाश मिंज और अन्य किसान भी मौजूद थे। उन्होंने नाशपाती, चाय खेती, आम, मिर्च, जैसे फ सलों के संबंध में किसानों से चर्चा की और अच्छी खेती करते हुए आर्थिक लाभ प्राप्त करने प्रोत्साहित किया। कलेक्टर डॉ.

किसानों से चर्चा कर अच्छी खेती करते हुए आर्थिक लाभ प्राप्त करने प्रोत्साहित किया

रवि मित्तल ने यूनिसेफ टीम को बताया कि जिला प्रशासन द्वारा किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन देने के लिए कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के द्वारा खेती संबंधी जानकारी समय-समय पर दी जा रही है। किसानों को खेती करने के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसान नाशपाती, चाय पत्ती, मिर्च, टमाटर, स्ट्रॉबेरी, आम, लीची, ताऊ सहित अन्य फ सलों की भी अच्छी खेती कर रहे हैं और लाभ अर्जित कर रहे हैं। जिससे किसान परिवार को नाशपाती सहित अन्य फ सलों से रोजगार मिला है। किसान नाशपाती फ सल के साथ मिर्च, चाय पत्ती, स्ट्रॉबेरी, आम सहित अन्य फ सल भी ले रहे हैं। किसान जगसाय भगत ने बताया कि वह 2 एकड़ में नाशपाती, आम, मिर्च, चाय पत्ती का पौधा उत्पादन करते हैं। इस वर्ष नाशपाती से 2 लाख रुपए लाभ अर्जित किया है। इसी तरह रामजन मिंज, अमृत कुजुर, विनय प्रकाश मिंज ने भी बताया कि वे भी नाशपाती, आम, मिर्च, चाय पत्ती उत्पादन कर अतिरिक्त लाभ अर्जित कर रहे हैं।

किसानों ने बताया कि पहले भूमि खाली पड़े रहता था लेकिन जिला प्रशासन के प्रयास से कृषि वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञों द्वारा खेती फसलों के संबंध में जानकारी दी जाती है जिससे तकनीकी तरीके से खेती कर आर्थिक रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। इस दौरान यूनिसेफ के छत्तीसगढ़ प्रमुख जॉब जकरिया ने निदाय कुड़ाईए करने वाली मशीन रोटरी विदर भी चलाया तथा मशीनी तकनीकी के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान यूनिसेफ के डॉ. गजेंद्र, यूनिसेफ की टीम एवं जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने विशेष मिशन इन्द्रधनुष 5.0 की बैठक ली

विशेष मिशन का पहला राउंड 7 से 12 अगस्त के मध्य होगा

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग और डब्ल्यूएचओ के सौजन्य से इन्द्रधनुष 5.0 विषय पर बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए प्लानिंग और मॉनिटरिंग की जरूरत होती है। इसलिए सभी वर्कर इस कार्य में अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करें। डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. प्रशांत ने बैठक में प्रजेंटेशन दिया। इस इन्द्रधनुष मिशन के सर्वे अनुसार 11 जिला हाईरिस्क की श्रेणी में है, उनमें सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला भी शामिल है। इस मिशन को पूरा करने के लिए जिले के गांवों और नगरीय निकायों में पिछड़े और स्लम

एरिया को केन्द्रित कर टीकाकरण किया जाना है। विशेष मिशन इंद्रधनुष 5.0 के अंतर्गत शून्य से दो वर्ष की आयु के बच्चे जिनका टीकाकरण अधूरा है या हुआ ही नहीं है उनको सारे टीके लगाए जाएंगे। दो से पांच वर्ष की आयु के बच्चे जिनका गोवर और रूबेला का पहला व दूसरा डोस रह गया है, उन्हें टीके लगाए जाएंगे। अगर डीपीटी व ओरल पोलियो टीके का बूस्टर डोस रह गया है तो वह भी लगाया जाएगा। अगस्त 2018 या उसके बाद पैदा हुए बच्चों का इसमें समावेश होगा। गर्भवती महिलाओं का इसमें टीकाकरण किया जाएगा। यह मिशन अगस्त से तीन चरणों में चलाया जाएगा। इस विशेष मिशन के लिए टीकाकरण से पूरी तरह या आधे-अधूरे रूप से वंचित बच्चे और गर्भवती माताओं को ढूंढकर उन्हें टीका लगाने का काम किया जाएगा। इसमें नगरीय निकाय, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग के कर्मचारियों के सहयोग से इस मिशन को पूरा किया जाएगा। विशेष मिशन इंद्रधनुष 5.0 का पहला राउंड- 7 से 12 अगस्त 2023, दूसरा राउंड- 11 से 16 सितंबर 2023 और तीसरा राउंड- 9 से 14 अक्टूबर 2023 तक होगा। बैठक में सीएमएचओ डॉ. एफ.आर.निराला, जिले के सभी बीएमओ, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, डीईओ डेजी रानी जांगड़े, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, बी. एक्का, सीएमओ राजेश पांडेय, आयुर्वेद डॉ. पटेल, महिला एवं बाल विकास विभाग के कृष्णा साहू उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आज के बच्चे कल का भविष्य है। इसलिए बच्चों को निरोगी और स्वस्थ रखने के लिए टीकाकरण उनका करवाना बहुत ज़रूरी है। इस मिशन में जीरो डोस, छूटे डोस, टीकाकरण से पूरी तरह वंचित रहने वाले क्षेत्र, ज्यादा समय तक टीकाकरण के सत्र ना लिए हुए क्षेत्र, टीकाकरण को सहयोग ना देने वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाने वाला है। टीकाकरण, बच्चों में मौत और बीमारियों की मात्रा कम करने के लिए एक प्रभावी साधन है। केंद्र सरकार ने दिसंबर 2023 तक गोवर और रूबेला को दूर करने का लक्ष्य निश्चित किया है और सरकार ने विशेष मिशन इंद्रधनुष 5.0 शुरू किया है।

मोहर्रम 29 जुलाई एवं 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को शुष्क दिवस घोषित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शासन द्वारा मोहर्रम 29 जुलाई एवं स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2023 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने उक्त शुष्क दिवसों पर जिले की समस्त देशी मदिरा (सीएस-2 घघ), कम्पोजिट मदिरा (सीएस-2 घघ), विदेशी मदिरा (एफएल-1 घघ एवं एफएल-3 होटल बार)दुकानों तथा भण्डारण भाण्डागार को पूर्ण रूप से बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी किया है। उक्त दिवसों में मदिरा, मादक पदार्थ का विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः बंद रहेगा।

ग्राम पंचायत भोपसरा सरपंच के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग को लेकर कलेक्टर में दिया आवेदन

* सरपंच के ऊपर उरहिया तालाब में जबरन मछली मारने व मुन्यादी कराने का लगा आरोप

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले के जनपद पंचायत नवागढ़ के अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत भोपसरा के रतिराम साहू पिता समेलाल साहू ने मुन्यादी कराने वाले व तालाब के मछली मारने वाले के विरुद्ध एडीएम से लेकर चौकी मारो से लेकर मछली विभाग व कलेक्टर विभाग में दिया आवेदन, जहां आवेदक रतिराम साहू पिता समेलाल साहू ग्राम भोपसरा पो,मारो तहसील नवागढ़ जिला बेमेतरा निवासी है जहां जय महामाया समूह देवी मछुवारा समूह गठन कर 4 लोगों द्वारा उरहिया तालाब कों दस वर्षो के लिए सन 2020 से लीज में लिए है। तथा नियमित रूप से लीज का राशि पटाते आ रहे है। इस वर्ष का राशि इसी माह 13 जुलाई 2023 को 5600 अक्षरी पांच हजार छ सौ रुपये पटाये है। हम गरीब के द्वारा डाला गया मछली कों गैर कानूनी तरिके से मारने हेतु ग्राम में मुन्यादी कराने वाले ग्राम पंचायत सरपंच गंगा राम साहू तथा मछली मारने वाले के विरुद्ध जांच कर उचित कार्यवाही करने व न्याय दिलाने का शिकायत करता ने मांग की।



कलेक्टर ने अग्निशमन व्यवस्था पर ली गई समीक्षा बैठक हर समय रहे मुस्तैद ताकि आकस्मिक अग्नि दुर्घटना से बचा जा सके

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अग्निशमन अधिकारी व चैम्बर ऑफ कॉमर्स एसोसिएशन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्घटनाओं की आशंका वाले स्थानों पर अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्य योजना पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को बुनियादी अग्नि सुरक्षा उपायों को, आशंकित स्थानों में सुनिश्चित करने के लिए कहा ताकि आकस्मिक अग्नि दुर्घटना से बचा जा सके। बैठक में जिला अग्निशमन विभाग द्वारा आग लगने की स्थिति में प्रभावित को क्या-क्या कदम उठाने चाहिए उस पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा अग्निशमन

विभाग से समय-समय पर घनी आबादी वाले क्षेत्र में अग्नि दुर्घटना से बचाव व उपाय के संबंध में जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित करने का भी निवेदन किया।

जिस पर अग्निशमन विभाग द्वारा उक्त संबंध में आवश्यक जागरूकता कार्यक्रम एवं अग्निशमन के विभिन्न यंत्रों फायर इक्युपमेंट आदि की उपलब्धता एवं उसके उपयोग के हेतु कार्यक्रम करने पर सहमति दी गई। साथ ही विभाग के द्वारा चैम्बर ऑफकामर्स के सदस्यों को अपने व्हाट्सअप ग्रुप मे जोड़ने एवं व्हाट्सअप के माध्यम से अग्नि सुरक्षा यंत्रो के उपयोग एवं कार्यक्रम की प्रचार-प्रसार करने हेतु सहमति दी गई। बैठक में राजेष पाण्डेय संभागीय सेनानी नगर सेना, डॉ.आरएस सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी,उत्तम रजक डिप्टी कलेक्टर, संजय गुप्ता अग्निशमन अधिकारी,विजय किरण खाद्य अधिकारी, तरसीला तिग्गा जिला उद्योग अधिकारी, चैम्बर ऑफ कॉमर्स एसोसिएशन के विभिन्न सदस्य फायर आपदा से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैंक प्रबंधक ने ग्रामीण से मांगा 10 हजार रिश्वत, नहीं देने पर 1 वर्ष से लगवा रहे बैंक के चक्कर

ग्रामीण क्लेक्टर के नाम तहसीलदार को दिया शिकायत, 10 हजार रुपये रिश्वत देने के लिए नहीं पैसा

जोहार छत्तीसगढ़-सुरजपुर।

बैंक में कार्यरत कर्मियों का कार्य होता है अपने खाता धारकों को सुविधाएं उपलब्ध कराना, शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाना, किंतु बैंक प्रबंधक अपने दायित्व का निर्वहन करते हुये दिख नही रहे है।

बल्कि आम जन को परेशान कर रहे है। ग्रामीणों को शासन से मिलने हुए लाभ की राशि में कमीशन के लिए नजरे गड़ाये हुए है। ऐसे ही छत्तीसगढ़ राज्य

ग्रामीण बैंक प्रबंधक के ऊपर एक आदिवासी ग्रामीण ने 10 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। रिश्वत की राशि नहीं देने पर 1 वर्ष सेग्रामीण को बैंक का चक्कर लगवाया जा रहा है। ग्रामीण ने क्लेक्टर के नाम तहसीलदार को लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है। और 10 हजार की रिश्वत देने में असमर्थता जाहिर की है। दरअसल मामला सुरजपुर जिले के प्रेमनगर विकास खण्ड मुख्यालय में स्थित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक का है। शिकायत कर्ता मोती लाल आत्मज दशरू राम जाति गोंड, ग्राम लक्ष्मणपुर निवासी ने बताया कि मेरी दादी तुलिया के नाम से वित्त वर्ष 2019-20 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति हुई थी। 3-4 चौथे किश्त की राशि दादी तुलिया राज्य ग्रामीण बैंक शाखा प्रेमनगर में खाता में आया था। राशि निकालते उससे पूर्व मेरी दादी की मृत्यु 19 मार्च को हो गया था। जिसके बाद भी हमारे द्वारा आवास का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। आवेदक अपने पिता के साथ पिछले 1 वर्ष से राशि का स्थान्तरण अपने पिता के बैंक खाता में कराने हेतु कई दफा जाकर मांग किया गया। बैंक प्रबंधक द्वारा दस्तावेज नहीं होना कहा गया है।

आवेदक द्वारा मांगी गई दस्तावेज एकत्रित करके कार्यालाय को दिया गया था। साथ ही कई दफा न्यायालय से वकील के माध्यम से नोटरी भी करा कर बैंक प्रबंधक को दिया है। किंतु बैंक प्रबंधक द्वारा आज आना कल आना काम नहीं होगा कहा जाता है। साथ ही 10 हजार की रिश्वत देने पर काम होगा कहा गया है। हमारा परिवार एक खेतिहर मजदूर है। छोटे किसान है। आवास निर्माण के लिए दुकानों से मंगाये गए सामग्री की राशि नहीं दे पाए है। जिससे दुकानदार परेशान कर रहे हैं।

साथ ही बैंक प्रबंधक को देने लिए इतना मोटी रकम कड्डी राशि भी नहीं है। जिससे परेशान होकर शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की गई है। बतादें कि प्रेमनगर शाखा में नए बैंक प्रबंधक के आने से खाता धारकों में असन्तुष्ट निर्मित है। दूर दराज से ग्रामीण पेंशन की राशि सहित जमा किये हुए राशि लेने या रही है। जिन्हें आज आना कल आना कह कर बैरंग ही वापस लौटा दिया जा रहा है।

नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजनए मां महामाया मंदिर परिसर में हुआ प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़- बेमेतरा।

प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें तालाब से जल लाकर शिव का अभिषेक कर पूजा अर्चना किया। ग्राम पंचायत नारायणपुर में श्रावण मास के पावन अवसर पर नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन मां महामाया मंदिर परिसर में प्रारंभ हुई।

इस दौरान प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें तालाब से जल लाकर शिव का अभिषेक कर पूजा अर्चना किया गया। जहां परायणकर्ता पंडित भुपेंद्र पाठक हैं। शिवमहापुराण कथा के प्रथम दिवस प्रवचनकर्ता पंडित भुपेंद्र पाठक ने शिवमहापुराण के महत्व की बखान किया। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण में भगवान शिव के उपासकों के सिद्धिए ध्यान, भक्ति और सेवा के माध्यम से मुक्ति का मार्ग बताया गया, इससे शिव भक्तों को शिवलोक और मोक्ष का वारदान मिलता है, शिवमहापुराण के महात्म्य के अनुसार, इस पुराण को सुनने से धार्मिक और आध्यात्मिक लाभ होते हैं, इसमें भगवान शिव के गुण, लीला, तपस्या, विभूतियां, धर्म, नैतिकता ध्यान, भक्ति और उनके भक्तों के के कथानक सम्मिलित होते हैं, जो भक्तों को धार्मिक ज्ञान और आध्यात्मिक विकास में सहायक होते हैं ? पडित भूपेंद्र पाठक ने कथा प्रसंग में चचुलाकथा का विस्तार से वर्णन किया, बताया कि शिवमहापुराण भगवान शिव को महिमा, शक्ति और भक्ति को प्रस्तुत करता है, इस पुराण में भक्ति प्रेम और समर्पण की महत्ता को वर्णित किया गया है, शिव के अनुयायियों का उद्धार शिवमहापुराण में भगवान शिव के भक्तों के कथानक दिखाए जाते हैं, जिनसे उन्हें उत्तराधिकारी जन्म मिलता है। इसके पूर्व शिवमहापुराण के प्रथम दिवस में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें पूरे भावभक्ति से तालाब से जल लाकर भगवान शिव को अभिषेक कर पूजा अर्चना किया गया। शिवमहापुराण के महात्म्य में इस पुराण को सुनने पढ़ने और सुनाने से व्यक्ति धार्मिक और आध्यात्मिक और भगवान शिव के प्रति भक्ति और समर्पण बढ़ता है, इस पुराण को ध्यान से सुनने और अध्ययन करने से भक्तों को अपने जीवन में धार्मिकता, साधना, और आध्यात्मिक उन्नति के लिए अग्रसर होने का अवसर मिलता है। 20 जुलाई से 28 जुलाई तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पंडित रवि पाठक कथावाचक व पंडित भुपेंद्र पाठक प्रसारणकर्ता होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा व अभिषेक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से शुरू होगा। इस दौरान ग्राम के लोगों ने बताया कि मंदिर समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से यहां आयोजन कार्यक्रम में 20 जुलाई को शोभायात्रा पंचवेदी पूजन, 21 को शिवपूजन विधि शिवलिंग उत्पति तथा कथा, 22 को नारदमोह कुबेर का पूर्ण चारित्र, श्रुष्टि वर्णन 23 जूलाई को सती चरित्र 24 जुलाई को को पार्वती प्राकट्य महोत्सव शिव पार्वती विवाह उत्सव, 25 जुलाई को कार्तिकेय एवं गणेश जन्म की कथा, 26 जुलाई को त्रिपुरासुर वध, शिव अवतारों का वर्णन, 27 जुलाई को ज्योतिलिंग कथा उमा संहिता कथासार एवं चढ़ोती कथा, 28 जुलाई को गीता पार्थिव शिव पूजन रूद्राभिषेक, हवन, सहस्त्रधारा एवं महाआरती के साथ शिव पुराण कथा का समापन किया जाएगा।

जिले में टीकाकरण के लिए यू-विन डिजिटल प्लेटफॉर्म बनकर तैयार

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा-निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों को निर्देशित किया है भारत सरकार द्वारा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण के लिए यू-विन डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। इससे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण कार्ड ले जाने, अगली खुराक पर नजर रखने सहित अन्य परेशानियां खत्म हो सकती है। यू-विन प्लेटफार्म का उपयोग प्रत्येक गर्भवती महिला को पंजीकृत करने, उनके प्रसव के परिणाम को रिकार्ड करने, प्रत्येक नवजात शिशु के जन्म को पंजीकृत करने, जन्म खुराक देने एवं उसके बाद समस्त टीकाकरण कार्यक्रमों के लिये किया जाएगा। यू-विन के माध्यम से समस्त गर्भवती महिलाओ एवं शिशुओं को नाम सहित ट्रेकिंग किया जा सकेगा तथा समय पर लाभार्थियों को टीकाकरण करने में सहायता मिलेगी। यू-विन के माध्यम से टीकाकरण के तुरंत बाद डिजिटल सर्टिफिकेट जारी हो जाता है। इस संबंध में विगत दिवस 19 जुलाई 2023 को सीएमएचओ कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि नियमित टीकाकरण के सुदृढ़ीकरण तथा डिजिटललाईजेशन हेतु भारत सरकार द्वारा यू-विन पोर्टल के माध्यम से मिशन इंद्रधनुष अंतर्गत प्रथम चरण 07-12 अगस्त, द्वितीय चरण 11-16 सितंबर तक, तृतीय चरण 9-14 अक्टूबर तीन चरणों में चलाया जायेगा। जिससे यू-विन ऐप के उपयोग से सारी समस्याओं के निराकरण में सहायता मिलेगी वेक्सीन पूरा होने पर सर्टिफिकेट ऑनलाइन कहीं भी कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा। इसे डिजिटल लॉकर में भी रख सकते हैं।

हाथी भगाने में जुटा था अमला, भालुओं ने युवक को नोच डाला रेफर किया पीड़ित

जोहार छत्तीसगढ़- देवभोग।

गुरुवार से वन अमला देवभोग रेंज में आए हाथी को वापस जंगल में भगाने में जुटा था। लेकिन इसी रेंज के अमलीपदर सर्कल के गुढियारी में भालुओं की झुंड ने युवक पर हमला कर दिया। घटना सुबह तड़के साढ़े 5 बजे की बताई जा रही है। गोढीयारी निवासी 30 वर्षीय हरेंद्र यादव सुखतेल नदी से नहा कर लौट रहा था। पास में मौजूद 4 भालुओं की झुंड में से दो ने युवक पर हमला बोल दिया। आवाज सुन कर कुछ लोग मदद करने पहूंचे तब तक दोनों भलुओं ने युवक को गंभीर रूप से घायल कर चुके थे। सर मूह के अलवा



पूरे शरीर में दांत व नाखून के हमले से बने गहरे जख्म बन गए है। इमरजेंसी ड्यूटी सम्भाल रहे चिकित्सक डॉक्टर प्रकाश साहू ने बताया की घायल अवस्था में युवक को सुबह देवभोग अस्पताल में साढ़े 7 बजे भर्ती कराया गया। दाहिने आंख बाहर आ गया है। नाक भी बाहर हो गया है। खोपड़ी उखाड़ दिया गया था जिसे सिलाई किया गया। नाखून के दर्जन भर निशान। हालात नाजुक होने के कारण हायर सेंटर के लिए रायपुर रेफर किया गया। घटना की पुष्टि करते हुए देवभोग रेंजर छबिलाल ध्रुव ने कहा की घायल का उपचार रायपुर में किया जा रहा है। फौरी सहायता दी गई है। एक डिप्टी रेंजर को पीड़ित के साथ भेजा गया है। विभाग नियमानुसार मदद करेगी। हाथी उड़ीसा जंगल में किया प्रवेश,रेंजर छबीलाल ध्रुव ने बताया की हाथी सुबह तक धूपकोट इलाके में था। दोपहर तक जंगल के रास्ते ओडिसा सुरक्षित प्रवेश कर गया है। नुआपड़ा वन विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है।

कलेक्टर एवं यूनिसेफ की टीम दुर्गम क्षेत्र ग्राम कोठीपाठ पहुंचे

आंगनबाड़ी केंद्र में पहाड़ी कोरवा बच्चों से मिले, बड़ी सरलता से बच्चों से बात की

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं यूनिसेफ की टीम ने बगीचा विकास खंड के सन्ना तहसील के दूरस्थ अंचल के पहाड़ों पर बसे गांव कोठीपाठ पहुंचे और आंगनबाड़ी केंद्र में पहाड़ी कोरवा बच्चों से मिले, बड़ी सरलता से बच्चों से बात की तत्पश्चात विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों से मिलकर

उनकी समस्या सुनी।

कलेक्टर एवं यूनिसेफ की टीम ने मॉडर्न आंगनबाड़ी केंद्र कोठीपाठ गए और पहाड़ी कोरवा बच्चों से बड़ी सरलता से बात कर दुलार करते हुए नाम पूछा और अच्छा से पढ़ाई करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को स्थानीय बोली एवं हिंदी के साथ पढ़ाई कराने कहा। उन्होंने एनमिक महिलाएं, गर्भवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं और कुपोषित बच्चों की जानकारी ली। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पूरक पोषण आहार प्राथमिकता से देने के लिए कहा और गंभीर कुपोषित बच्चों को एन आर सी सेंटर में भर्ती करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर एवं यूनिसेफ की टीम ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों से मिलकर उनकी समस्या सुनी। पहाड़ी कोरवा परिवार कलेक्टर एवं यूनिसेफ की टीम से मिलकर बेहद खुश हुए और बोले- हमारे बीच आप आ गए बहुत अच्छा लगा। कलेक्टर ने पहाड़ी कोरवा बच्चों को आंगनबाड़ी और स्कूल भेजने के लिए पालकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने पहाड़ी कोरवा लोगों से बड़ी आत्मीयता एवं सरलता से बात की और कोरवा परिवारों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था संबंधित विभाग को करने के लिए कहा। उन्होंने स्वास्थ्य और समय-समय पर टीकाकरण करने समझाइश दी। गौरतलब है कि कोठीपाठ पिछले वर्ष कलेक्टर अपने अमला के साथ पैदल पहुंचे थे। आवागमन सुगम बनाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया था। आज पहाड़ी कोरवा ग्राम कोठीपाठ तक आवागमन सुगम हो गया है। पहाड़ी कोरवा बच्चे एवं अन्य लोगो आसानी से आना जाना कर पा रहे हैं। पहले रास्ता सकरा होने के कारण बड़ी गाड़ी नहीं पहुंच सकतीं हैं साथ ही पहाड़ में बसे होने के कारण वाहन नहीं पहुंच पाता था। इस दौरान यूनिसेफ छत्तीसगढ़ प्रमुख जॉब जकरिया, डॉक्टर गजेंद्र, यूनिसेफ की टीम, एसडीएम आर.पी. चौहान, तहसीलदार राठिया, सन्ना तहसीलदार सुनील गुप्ता और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

एक नजर

अपर आयुक्त के.एल. चौहान ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़-बिलाईगढ़।

बिलासपुर राजस्व संभाग के अपर आयुक्त एवं प्रभारी निर्वाचन अधिकारी के.एल. चौहान ने सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम बंजारी, सुवाताल और हरदी में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। चौहान ने बीएलओ एवं मतदाताओं से मतदान केन्द्रों में दिव्यांगों और 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के लिए रैम्प, शौचालय, व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक संसाधनों की पूर्ति के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज, तहसीलदार आयुष तिवारी सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

जिले में 1 जून से अब 302.5 मिमी वर्षा

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 302.5 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 21 जुलाई तक औसत वर्षा 351.6 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 2.7 मिमी वर्षा हुई है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 312.9 मिमी, मनोरा में 379.4 मिमी, कुनकुरी में 366.6 मिमी, दुलदुला में 331.9 मिमी, फरसाबहार में 162.8 मिमी, बगीचा में 367.8 मिमी, कांसाबेल में 152.2 मिमी, पत्थलगांव में 289.6 मिमी एवं सन्ना में 359.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में दर्ज की गई है।

मनोरा में लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजन 26 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशन एवं जिला परिवहन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा आम जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एवं सड़क सुरक्षा में जागरूकता लाने के प्रयास से 26 जुलाई 2023 बुधवार को जनपद पंचायत कार्यालय मनोरा के सभाकक्ष में लर्निंग लाइसेंस जारी किये जाने के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवाहन अधिकारी ने बताया है कि 26 जुलाई दिन बुधवार को जिला परिवहन कार्यालय जशपुर पूर्ण रूप से बंद रहेगी। किसी भी प्रकार का शासकीय कार्यों का संपादन नहीं किया जायेगा। उन्होंने समस्त आवेदकों से अपील की है कि लर्निंग लाइसेंस के लिए किसी भी लोक सेवा केन्द्र और च्वाईस सेंटर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या परिवहन विभाग की वेबसाइट से स्वयं ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं एवं 26 जुलाई 2023 का स्लॉट, अपॉइंटमेंट लेकर मनोरा में उक्त तिथि को आवेदन के साथ उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ ले सकते हैं।

शासकीय आई.टी.आई. आरा एवं तपकरा में बेरोजगारी भत्ता के पात्र हितग्राहियों को दिया जाएगा

कंप्यूटर, इलेक्ट्रीशियन और नर्सिंग कोर्स का आवासीय प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के लिए हितग्राहियों का काउंसलिंग 26 एवं 27 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

जिला कौशल विकास प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय आई.टी.आई. आरा में बेरोजगारी भत्ता के पात्र हितग्राहियों के लिए कम्प्यूटर, इलेक्ट्रीशियन, नर्सिंग कोर्स का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन होना है एवं शासकीय आई.टी.आई. तपकरा में बेरोजगारी भत्ता के पात्र हितग्राहियों के लिए कम्प्यूटर, इलेक्ट्रीशियन, कोर्स का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन होना है। जिस हेतु शासकीय आई.टी.आई. आरा में काउंसलिंग 26 जुलाई 2023 बुधवार को प्रातः 11 बजे से कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण रणजीता स्टेडियम के सामने होगा एवं शासकीय आई.टी.आई. तपकरा के लिए काउंसलिंग 27 जुलाई 2023 गुरूवार को प्रातः 11 बजे से शासकीय आई.टी.आई. तपकरा में होगा। इस प्रशिक्षण में चयनित होने वाले बेरोजगारी भत्ता के पात्र हितग्राहियों को बेरोजगारी भत्ता के अलावा 1000 रूपए प्रतिमाह छात्रवृत्ति के रूप में प्रदाय किया जावेगा। अधिक जानकारी हेतु मोबाईल नम्बर 9399696970 पे सम्पर्क कर सकते है।

कुपोषित बच्चों को पोरतेगा आंगनबाड़ी केंद्र में दूध, अंडा, केला और सेव प्रदाय किया

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

जिले में कुपोषण के स्तर में कमी लाने, 0-5 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने, जनभागीदारी को बढ़ावा देने और एनिमिया मुक्त अभियान को सफल बनाने सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। कुपोषण स्तर में कमी एवं बेहतर क्रियान्वयन के लिए ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति का गठन किया गया है जो स्वास्थ्य जागरूकता में सुधार और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समुदाय की पहुंच, विशिष्ट स्थानीय जरूरतों को पूरा करने और समुदाय आधारित योजना और निगरानी के लिए एक तंत्र के रूप में कार्य करने का एक मंच है। जो गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए बना मददगार साबित हो रहा है।

कुपोषण को दूर करने के लिए अधिकारियों द्वारा अपने चिन्हाकित गांव में जाकर सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधियों, पर्यवेक्षक, एएनएम, मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थित में सुपोषण चौपाल लगाकर बच्चों के पालकों को जागरूक किया जा रहा है। जिसमें सरपंच, पंच और स्थानीय प्रतिनिधि अपनी सहभागिता निभा रहे है। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के तहत विकासखण्ड जशपुर के ग्राम पंचायत पोरतेगा आंगनबाड़ी केंद्र में प्रत्येक सप्ताह गंभीर कुपोषित बच्चों को दूध, अंडा, केला और सेव प्रदाय कर उनके पोषण स्तर में सुधार हेतु सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु प्रत्येक सप्ताह दूध, अण्डा, केला, फल्लीदाना प्रदान किया जा रहा है साथ ही बच्चों के अभिभावकों से गृह भेंटकर सामग्री वितरित किया जा रहा है। गृह भेंट के दौरान बच्चों के पोषण स्तर की जानकारी के साथ घर में स्वच्छता रखने जैसे परामर्श दिये जा रहे है। जिसका सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहा है कुपोषित बच्चों के वजन में वृद्धि हुआ है और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हो रहा है। परिक्षेत्र पोरतेंगा परियोजना अधिकारी ने बताया कि 14 कुपोषित बच्चों को स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार दवाई दिया गया है। साथ ही कुपोषित बच्चों को प्रत्येक सप्ताह दूध, अंडा, केला और सेव खिलाया जाता है।

कलेक्टोरेट परिसर के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

संयुक्त जिला कार्यालय परिसर बेमेतरा में शांति, विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट पदुम सिंह एल्मा ने एक आदेश जारी कर आगामी दो माह 21 सितम्बर 2023 तक धारा 144 लागू किया गया है। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में विभिन्न विभाग संचालित है जहां दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं महिलाओं का आवागमन रहता है। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में जुलूस, धरना एवं प्रदर्शन होने से दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा शासकीय कार्य प्रभावित होता है। इसलिए संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि के आसपास शांति, विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखना आवश्यक है। ताकि शासकीय कार्य सुगमता से सम्पन्न कराया जा सके। अतः यह आवश्यक है कि उपरोक्त क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित कर जुलूस, धरना, सभा एवं प्रदर्शन आदि के आयोजन को रोका जावे। यह संवेदनशील क्षेत्र है जिसके आसपास लोक शांति बनाए रखने हेतु जुलूस, धरना, आमसभा एवं प्रदर्शन को रोका जाना

आवश्यक है। इसके आधार पर लोक शांति बनाए रखने के लिए उपरोक्त क्षेत्रों में जुलूस, धरना, आमसभा व प्रदर्शन हेतु प्रतिबंधित किया जाना आवश्यक है। पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस आदेश से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों को सूचना की तामीली एवं सूने जाने हेतु पर्याप्त समय न होने के कारण एक पक्षीय रूप से यह आदेश पारित किया गया है।कलेक्टर एल्मा ने धारा 144 दंप्रसं में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बेमेतरा नगर स्थित जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में जुलूस, धरना, आमसभा, प्रदर्शन पर प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किए है। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी/सुरक्षाकर्मी को छोड़कर कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा भले ही वे अनुज्ञप्तिधारी हो, किसी प्रकार का विस्फ टोक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र, धारदार घातक हथियार आदि लेकर नहीं चलेगा। धार्मिक परम्परा अनुसार रखे जाने वाले कृपाण आदि पर यह कंडिका प्रभावशील नहीं होगी। विभिन्न सभाओं, रैली, जुलूस, आदि करने के पूर्व संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी/कार्यपालिक दण्डाधिकारी से अनुमति लिया जाना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र में सभाओं, रैली, जुलूस आदि के स्थान, दिनांक एवं समय का उल्लेख करते हुए पूर्ण विवरण दिया जाना आवश्यक होगा। सभा, रैली, जुलूस आदि में लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि के लिए उपयोग किये जाने के पूर्व संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी/कार्यपालिक दण्डाधिकारी से अनुमति लिया जाना अनिवार्य होगा। कार्यालय परिसर के 100 मीटर के भीतर 05 से अधिक व्यक्ति एक साथ प्रवेश नहीं करेंगें। यह आदेश सभी प्रकार के दलों, संगठनों, संघो तथा आम जनता पर लागू होगा तथा 21 सितम्बर 2023 तक प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 188, भादवि के अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न हुई। साथ ही जिला स्तर पर विगत दिवस 12 जुलाई 2023 को प्रशिक्षण हो गया है एवं विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण किया जा रहा है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर प्रभारी स्वास्थ्य विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, जिला आर.एम.उन.सी.एच.ए. कन्सलटेन्ट, जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला कोल्ड चेन मैनेजर, जिला समन्वयक मितानिन कार्यक्रम एवं यूनिसेफ सदस्य अनिल बघेल उपस्थित थे। बैठक में जानकारी देते हुए बताया गया कि सघन मिशन इन्द्रधनुष अंतर्गत 0-5 वर्ष की आयु तक के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं का हेड काउंट सर्वे उपरांत लेफ्ट आउट एवं ड्राप आउट लाभार्थियों का ड्यूलिस्ट तैयार कर तथा चिन्हित कर पूर्ण टीकाकृत किया जाना है। सघन मिशन इन्द्रधनुष 0-5 के पूर्व हेड काउंट सर्वे होना है। इस हेतु मैदानी स्तर पर सर्वे का कार्य शुरू कर लिया गया है। सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 में मुख्य रूप से मिजल्स रूबेला वैक्सीन, निमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन एवं इस वर्ष प्रारंभ किये गये इनएक्टिवेटेड पोलियो वैक्सीन के तृतीय डोज के कवरेज को बढ़ाने हेतु कार्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम सुदृढ़ीकरण एवं मीजल्स एवं रूबेला वैक्सीन की डोज से छूटे हुए 5 वर्ष तक बच्चों को टीकाकृत किए जाने हेतु जिले में सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। जिसमें प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त, द्वितीय चरण 11 से 16 सितम्बर एवं तृतीय चरण 9 से 14 अक्टूबर 2023 तक चलेगा। जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा बताया गया कि 7 अगस्त से शुरू होने वाले सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 में लाभान्वित किये जाने वाले बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को यू-विन प्लेटफार्म के माध्यम से रजिस्टर्ड तथा टीकाकृत किया जावेगा। यू-विन पर गर्भवती महिला तथा शिशुओं का रिकार्ड ऑनलाइन उपलब्ध होगा। वर्तमान समय में टीकाकरण का रिकार्ड कागजी दस्तावेज में रखा जाता है। साथ ही इसके रखरखाव में भी समस्या होती है। यू-विन ऐप के उपयोग से किसी प्रकार की सारी समस्याओं के निराकरण में सहायता मिलेगी। वैक्सीन पूरा होने पर सर्टिफि केट ऑनलाइन कहीं भी डाउनलोड किया जा सकेगा। इसे डिजिटल लॉकर में भी रख सकते हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि को-विन प्लेटफार्म की सफलता के बाद भारत सरकार ने अब पूरे राज्य में नियमित टीकाकरण के लिए यू-विन नामक सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम, यूआईपी को डिजिटल बनाने का कार्यक्रम प्रारंभ किया है। जिससे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण कार्ड ले जाना, अगली खुराक पर नजर रखने की जद्दोजहद और ऐसी अन्य परेशानियां खत्म हो सकती है। भारत सरकार द्वारा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण के लिए यू-विन डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया गया है। जिससे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण कार्ड ले जाने, अगली खुराक पर नजर रखने सहित अन्य परेशानियां खत्म हो सकती हैं। यू-विन प्लेटफार्म का उपयोग प्रत्येक गर्भवती महिला को पंजीकृत करने, उनके प्रसव के परिणाम को रिकार्ड करने, प्रत्येक नवजात शिशु के जन्म को पंजीकृत करने, जन्म खुराक देने एवं उसके बाद समस्त टीकाकरण कार्यक्रमों के लिए किया जायेगा। यू-विन के माध्यम से समस्त गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं को नेम बेस्ड ट्रेकिंग किया जा सकेगा तथा समय पर पात्र लाभार्थियों को टीकाकरण करने में सहायता मिलेंगी। इस प्लेटफार्म से लेफ्ट आउट-ड्राप आउट शिशुओं की संख्या को कम किया जा सकता है। यू-विन के माध्यम से टीकाकरण के तुरंत बाद डिजिटल सर्टिफि केट जारी हो जाता है। इस ऐप के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को टीकाकरण कार्ड आयुष्मान भारत खाते के पहचान पत्र से भी जुड़ेगा। सभी मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र के पास से डाटाबेस मौजूद होगा। इससे एक टीका किसी अस्पताल में लगने के बाद दूसरा टीका राज्य के किसी अन्य अस्पताल में लगवाया जा सकता है। वैक्सीनेशन का एप्वांइटमेंट भी ऑनलाइन होगा, जिससे जच्चा और बच्चा को वैक्सीनेशन के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अगले टीकाकरण की तारीख का एलर्ट भी रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर आएगा। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन की बुकिंग भी हितग्राही यू-विन के माध्यम से कर सकेगा।

कलेक्टर एवं राजनीतिक दल के पदाधिकारियों ने ईवीएम प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल एवं राजनीतिक दल के पदाधिकारियों ने कलेक्टोरेट परिसर से जिले में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन के प्रचार-प्रसार के लिए मोबाईल प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं मतदान हेतु जन जागरूकता के लिए मोबाइल प्रदर्शन वैन तैयार किया गया है। वैन के माध्यम से मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन की जानकारी जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्धारित रूट में भ्रमण कर मतदाताओं को ईवीएम में वोटिंग प्रक्रिया से अवगत कराते हुए मतदान हेतु जागरूक किया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर ने मोबाइल प्रदर्शन वैन अंतर्गत प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक मतदान होना आवश्यक है। प्रत्येक मतदाताओं को जागरूकता के साथ अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों तथा हाट बाजारों सहित अन्य आवश्यक स्थलों पर भी प्रदर्शन और जागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों को पूरी गंभीरता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला उप निर्वाचन अधिकारी प्रशांत कुशवाहा, सहत्राशु पाठक, मोहम्मद फैजान खान, संतोष सिंह, सावित्री निकुंज, मशीम रोशन, असद आलम सहित अन्य राजनीतिक दल के पदाधिकारी, निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

महापौर ने आर.पी.नगर, शिवाजीनगर एवं एम.पी.नगर की जानी समस्याएं, साफ- सफाई कार्यो के दिये निर्देश

कोरबा । महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 28 राजेन्द्र प्रसाद नगर एवं वार्ड क्र. 22 शिवाजीनगर एवं वार्ड क्र. 24 महाराणा प्रताप नगर का वार्ड पार्षदों के साथ भ्रमण किया तथा पार्षदों द्वारा चिन्हाकित स्थलों का निरीक्षण कर साफ-सफाई कार्यो का तत्काल निराकरण करवाया गया। राजेन्द्र प्रसाद नगर स्थित दशहरा मैदान के पीछे गार्डन में कालोनीवासियों द्वारा घरों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ, प्लास्टिक ,पन्नियाँ आदि वस्तुओं को इधर-उधर फेंका जाता है, जिससे कालोनी में स्थित मैदान व गार्डन की सुंदरता खराब होती है, पार्षदों व महापौर ने कालोनीवासियों को समझाईश के साथ निवेदन भी किया। महापौर ने बताया कि सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या वार्ड क्र. 22 एवं वार्ड क्र. 24 में बहुत पुरानी है, इस स्थायी समस्या के स्थायी निराकरण के लिये 14.43 करोड़ रूपये का प्राक्कलन तैयार कर शासन को भेजा गया है, जैसे ही शासन से स्वीकृति प्राप्त होती है, कार्य प्रारंभ किया जायेगा, जिससे दोनों वार्डो की सीवरेज की समस्या समाप्त हो जायेगी। दोनों वार्डो के अधिकांश घरों के सामने बनी नाले-नालियों के ऊपर स्लैब, टाईल्स लगाने की वजह से भी तात्कालिक समस्या के निराकरण के लिये बहुत सी दिक्कते आती है, इसमें वार्डवासियों से सहयोग की अपेक्षा की है।

गोबरा में बीते दो दिनों में मलेरिया पीड़ित दो स्कूली छात्रों की मौत से मचा हड़कंप

मैनपुर स्वास्थ्य विभाग के कार्यशैली पर उठा सवाल

जोहार छत्तीसगढ़- देवभोग।

तड़के करीबन 6 बजे छोटे गोबरा निवासी आदिवासी वीरेंद्र नागवंशी का 11 वर्षीय बेटा डीगेश्वर नागवंशी की मौत हो गई। मृतक कक्षा 5 वीं का छात्र था। ग्राम सरपंच राम स्वरूप मरकाम ने इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दिया। सरपंच के मुताबिक तबियत बिगड़ने पर बुधवार को स्वास्थ्य कार्यकर्ता अनिता वर्मा द्वारा किट जांच कर मलेरिया की पुष्टि किया गया था।

दवा भी दिया गया था लेकिन आज उसकी मौत हो गई। दूसरी मौत कक्षा 6 वी की छात्रा योगिता की हुई। परिजनों के मुताबिक योगिता की तबियत 16 जुलाई से बिगड़ रही थी। 17 जुलाई को गांव की मितानीन को जांच में मलेरिया की पुष्टि हुई थी। तबियत बिगड़ने के बाद परिजनों ने मैनपुर संजीवनी को कोल किया था। लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। धमतरी जिले का नगरी स्वास्थ्य केंद्र नजदीक होने के कारण परिजनों ने वन्हा भर्ती कराया। इलाज जारी था लेकिन 19 जुलाई की रात बेटी ने दम तोड़ दिया था।

इस मौत के बाद मैनपुर बीएमओ गजेंद्र ध्रुव ने योगिता की मौत को मलेरिया से होने से इंकार किया। लेकिन 20 को जब गांव में शिविर लगाने पहुंचे तो 120 लोगों की जांच में 5 मलेरिया पॉजिटिव पाए गए। 20 को केवल जांच की खाना पूर्ति करते रहे। मितानिन की जांच में मलेरिया पॉजिटिव पाए गए डीगेश्वर की उपचार पर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा। उसकी मौत के बाद दोबारा स्वास्थ्य अमला लेकर बीएमओ जांच जांच खेल रहे हैं। हुई मौत के मामले में मीडिया से बचते नजर आए। आपको बता दे कि आदिवासी बाहुल्य इलाका मैनपुर में बरसात शुरू होते ही मलेरिया का कहर शुरू हो जाता है। जांच होता है ए-पोजेटिब पाए भी जाते हैं। लेकिन ब्लॉक स्तर के जवाबदारों के लापरवाही के कारण भोले-भाले आदिवासी मौत के मूंह में समा जाते हैं।दो दिन में हुए दो आदिवासी बच्चों के मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया है।

एक नजर

फरसाबहार विकासखण्ड के गारीघाट में हुआ छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

फरसाबहार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गारीघाट में आज छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल का आयोजित किया गया। इस दौरान गारीघाट ग्राम बच्चों, महिलाओं एवं खिलाड़ियों ने पारम्परिक खेलों में उत्साह के साथ भाग लिया। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में पारंपरिक खेलों को महत्व देते हुए आयोजन किया गया। जिसमें गिल्ली डंडा, फुगड़ी, संखली, बाटी एवं अन्य खेलकूद प्रतियोगिता का कराया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में भी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के प्रथम 4 चरण जिसमें राजीव युवा मितान क्लब 17 से 22 जुलाई 2023 तक, जोन स्तर 26 से 31 जुलाई, विकासखण्ड नगरीय क्लस्टर स्तर 7 से 21 अगस्त 2023 एवं जिला स्तर का अयोजन 25 अगस्त से 4 सितंबर 2023 तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग 18 वर्ष से कम, 18 से 40 वर्ष एवं 40 वर्ष से उपर के महिला एवं पुरूष आयोजन में भाग ले सकते है।

राष्ट्रीय जल भृत मानचित्रण प्रोग्राम के तहत पीपीटी दी प्रेजेंटेशन

जल भृत के पुनर्भरण के लिए प्लान प्रस्तुत किया

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

केंद्रीय भूमि जल बोर्ड रायपुर के वैज्ञानिक मुकेश आनंद द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आज जशपुर जिले पर राष्ट्रीय जल भृत मानचित्रण प्रोग्राम के तहत वर्ष 2020 में की गई स्टडी पर पॉवर पॉइंट प्रसेंटेशन दी गई। जिसमें उन्होंने जशपुर जिले की भूजल संबंधी विस्तृत जानकारी पेश की एवं जल भृत के पुनर्भरण के लिए प्लान भी प्रस्तुत किया। इस बैठक में कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा, डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय एवं जिला प्रशासन के समस्त अधिकारीगण उपस्थित थे।

शासन के निर्देश में कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से 3 वर्ष पश्चात नियमित वेतनमान देने संबंधी कोई उल्लेख नहीं

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ, जिला शाखा, रायगढ़ के ज्ञापन क्रमांक/65/छ.ग./लघु वेतन रायगढ़, दिनांक 23.2.2023 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को प्रथम 3 वर्ष कलेक्टर दर पर सेवा अवधि पूर्ण होने के दिनांक से नियमित वेतनमान प्रदाय किए जाने की मांग की गई है। तत्संबंध में 23 जुलाई 2023 को छानबीन समिति की बैठक रखी गयी।

समिति के द्वारा नियमित वेतनमान के संबंध में शासनादेश एवं अन्य कार्यालयीन आदेशों का परीक्षण किया गया। शासनादेश/निर्देश में नियुक्ति तिथि से 3 वर्ष पश्चात नियमित वेतनमान देने संबंधी उल्लेख नहीं है। कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों को तीन वर्ष पूर्ण होने के दिनांक से नियमित वेतनमान प्रदाय किए जाने के संबंध में परीक्षणोपरांत प्रस्तुत प्रकरण अमान्य किया गया।

टेंडर निरस्त कराकर 12 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर । ऐश्वर्या बाजार आमासिवनी में तीन लोगों ने टेंडर निरस्त कराकर कर 12 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अजय नायर 34 वर्ष ऐश्वर्या बाजार आमासिवनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी हिमांशु गुप्ता व अन्य 2 ने प्रार्थी से कंस्ट्रक्शन एवं वाटर ट्रीटमेंट का 2,56,77,000 रुपए का काम कराकर प्रार्थी को 1,32,72,777 रुपए का भुगतान किया और शेष रकम को बाद में देने की बात कहीं। जिसके बाद आरोपियों ने टेंडर निरस्त कराकर शेष रकम को भी नहीं दिया।

टेरम में बायपास सड़क व डीएबी स्कूल की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया आर्थिक नाकेबन्दी

जोहार छत्तीसगढ़- घरघोड़ा।

थाना घरघोडा अंतर्गत ग्राम टेरम फगुरम व आसपास गांव के सैकड़ों लोगों ने क्षेत्र में एसईसीएल कोयला खदान में भारी वाहनों से लगातार हो रही दुर्घटनाओं से बचाव हेतु टेरम में बायपास सड़क निर्माण व डीएबी स्कूल खोलने की मांग को लेकर आर्थिक नाकेबंदी की गई। आर्थिक नाकेबंदी में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने मांगों को लेकर नारेबाजी किया गया। फगुरम क्षेत्र के बीडीसी लता खूंटे ने एसईसीएल प्रबंधन व पुलिस प्रशासन को दोनों मांग अविलम्ब पूर्ण करने आग्रह किया गया साथ ही मांग पूरा नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने चेतावनी दिया गया है। आर्थिक नाकेबंदी से सड़क की दोनों ओर सैकड़ों वाहनों की लंबी कतार लग गई। ग्रामीणों द्वारा टेरम में 4 घंटे की आर्थिक नाकेबंदी में पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। एसडीएम घरघोड़ा ऋषा ठाकुर के निर्देश पर नायब तहसीलदार रामसेवक सोनी, एसडीओपी दीपक मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक शरद चन्द्रा ने मौके पर मोर्चा संभालते हुए ग्रामीणों को शांत कराया गया। एसडीएम घरघोड़ा ऋषा ठाकुर के निर्देश पर नायब तहसीलदार रामसेवक सोनी के आश्वासन के बाद आर्थिक नाकेबंदी समापन की गई वहीं घरघोड़ा पुलिस यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने में जुट गई है।

गांव-गांव में इव्हीएम मशीन का होगा प्रदर्शन, कलेक्टर ने दिखाई प्रचार वाहन को हरी झण्डी

जोहार छत्तीसगढ़- बलौदाबाजार।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता के लिए गांव-गांव में इव्हीएम व्हीव्हीपेट मशीनों का प्रदर्शन किया जायेगा।

मशीनों की कार्यप्रणाली एवं विश्वसनीयता से मतदाताओं एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने ऐसे 4 प्रचार वाहनों को जिला कार्यालय परिसर में हरी झण्डी दिखाई। जिले की सभी चारो विधानसभा क्षेत्रों के लिए एक-एक वाहन सजाई गई है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते तक ये वाहन गांव-गांव एवं हाट बाजारों में घुम-घुमकर लोगों को जागरूक करेंगे। लोग प्रदर्शन के दौरान इसका वैसे ही इस्तेमाल करके देखेंगे जैसे कि वास्तविक मतदान के दौरान करेंगे। मशीनो के संबंध में लोगों की जिज्ञासा एवं भ्रांतियों का भी मौजूद मास्टर ट्रेनर्स द्वारा समाधान किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन दुने ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत समावेशी,सुगम एवं सहभागी निर्वाचन के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के संबंध में आमजनों को जानकारी दी जा रही है। वोटर वेरीफाइबल पेपर ऑडिट ट्रेल यानी वीवीपैट व्यवस्था के तहत वोट डालने के तुरंत बाद कागज कागज की एक पर्ची बनती है।

इस पर्ची पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया है। उनका नाम और चुनाव चिन्ह छपा होता है। यह पर्ची वीवीपैट के स्क्रीन पर वोटर को 7 सेकेण्ड तक दिखने के पश्चात वीवीपैट के बाक्स में कटकर गिरती है। मतदान की इस प्रक्रिया को मतदातागण ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र में अनुभव कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी नम्रता जैन,उप जिला निर्वाचन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर रामरतन दुबे सहित मास्टर ट्रेनर्स एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

भाजपाईयों ने किया दाढ़ी थाने का घेराव व प्रदर्शन, बड़ी संख्या में रहें भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के हर विधानसभा में राज्य सरकार के खिलाफ व क्षेत्रीय मांगों को लेकर क्षेत्रीय विधायक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी के दरम्यान नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दाढ़ी थाने का घेराव का विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम एवं धरना प्रदर्शन दाढ़ी थाना एवं तहसील में रखा गया था। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक पंडरीया मोतीराम चंद्रवंशी उपस्थित रहें जिसमें मंच पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला सहप्रभारी विक्रांत सिंह। विधानसभा प्रभारी व पूर्व विधायक लोरमी तोखन साहू,पूर्व मंत्री छग शासन दयालदास बघेल,पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफ ना,अनिल महेश्वरी,भाजपा जिला महामंत्री टार्जन साहू,भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर,भाजपा नेता

वल्लभ सिंह ठाकुर,भाजपा खंडसरा मंडल अध्यक्ष अजय साहू,मारो मंडल अध्यक्ष परस वर्मा,जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल राजेश दत्त दुबे,तानसेन पटेल,वीरेंद्र साहू,भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी,प्रदेश महामंत्री दयावत बांधे,महिला मोर्चा महामंत्री मधु राय सहित अन्य मंच पर उपस्थित रहें जिसमें मंच का संचालन आनंद वल्लभ ठाकुर एवं आभार व्यक्त तानसेन पटेल ने किया। जिसके पश्चात सभी ने थाने घेराव के लिए कूच किया जिसमें प्रमुख रूप पूर्व विधायक पंडरीया मोतीराम चंद्रवंशी,भाजपा जिला सहप्रभारी विक्रांत सिंह,विधानसभा प्रभारी व पूर्व विधायक लोरमी तोखन साहू,पूर्व मंत्री छग शासन दयालदास बघेल,पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफ ना,अनिल महेश्वरी,भाजपा जिला महामंत्री टार्जन साहू,भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वमा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर,भाजपा नेता वल्लभ सिंह ठाकुर,भाजपा खंडसरा मंडल अध्यक्ष अजय साहू,मारो मंडल अध्यक्ष परस वर्मा,जिला पंचायतसाहू,हरि चंद्राकर,लेख सिंह वर्मा,रामेश्वर साहू, लोकनाथ चंद्राकर,राजेंद्र चंद्राकर, शिवा तिवारी सहित नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के हजारों की संख्या में भाजपा ने तागणा,कार्यकर्ता गण,वरिष्ठजन,युवागण,माताएं.बहनें ,जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप उपस्थित मोतीराम चन्द्रवंशी ने राज्य सरकार पर जमकर वार किया उन्होंने बेरोजगारी भत्ता में नियम शर्त लगाकर युवाओं के हक का हनन कर झूठा वादा का आरोप लगाया जिला सहप्रभारी विक्रांत ठाकुर ने नियमितीकरण के मुद्दे पर सरकार पर वार किया। विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व विधायक तोखन साहू ने नरवा,गरवा, घुरवा,बारी के संबंध में भ्रष्टाचार के विषय मे संबोधित किया जिसमें पूर्व मंत्री दयालदास बघेल ने राज्य सरकार को विभिन्न मुद्दों पर वार किया बेरोजगारी भत्ता,प्रधानमंत्री आवास,क्षेत्र में भ्रष्टाचार सहित शराब घोटाला सहित क्षेत्रीय विधायक पर वार किया,पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना ने किसानों को ठगने का आरोप राज्य सरकार पर लगाया जिसके पश्चात जिला महामंत्री भाजपा टार्जन साहू,नरेंद्र वर्मा,जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर,भाजपा खंडसरा मंडल अध्यक्ष अजय साहू,मारो मंडल अध्यक्ष परस वर्मा,भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी,प्रदेश महामंत्री दयावत बांधे,महिला मोर्चा महामंत्री मधु राय,हरिकिसन कुरे ने भी राज्य सरकार पर वार किया जिसमें मंच का संचालन वल्लभ ठाकुर व आभार व्यक्त तानसेन पटेल ने किया।

एक नजर

बांगो बांध में पानी के अधिक दबाव के कारण तीन गेट खोले गए, तटीय इलाकों में जारी किया अलर्ट

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा जिले के मिनीमाता बांगो हसदेव बराज से भारी मात्रा में पानी छोड़ा गया है। बांगो बराज के 11 गेट में से 4,5 और 7 नम्बर गेट खोला गया है। बांगो बांध में 75: जल भरा हुआ है जिसमे से 2600 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। बताया गया कि जांजगीर-चांपा जिले में पानी की किल्लत को देखते हुए गेट खोला गया है। रुक.रुक कर हो रही बारिश के चलते किसानों को खेती करने में परेशानी हो रही है। बांगो बांध से निकला पानी दर्री डेम की ओर तीव्र गति से बढ़ रहा है। जल संसाधन विभाग ने हसदेव नदी के तटवर्ती इलाकों में बसे लोगों को सतर्क कर दिया है ताकि जलस्तर बढ़ जाने के कारण उन्हें किसी तरह की परेशानी हो। इससे पहले ही वे अपनी व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। गौरतलब है कि भारी बारिश और बांगो तथा दर्री बांध से बड़े पैमाने पर पानी छोड़े जाने के कारण तटीय इलाकों में बाढ़ के हालात निर्मित होते रहे हैं। सैकड़ों लोगों ने अतिक्रमण करने के चक्कर में नदी-नालों को भी नहीं बख्शा है और उनके किनारों पर भी अपना बसेरा बना लिया है। ऐसे लोग हर साल बाढ़ का शिकार होते रहे हैं लेकिन इसके बाद भी अतिक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है।

देवपहरी में हुआ हादसा, शिक्षक वाटरफॉल में डूबा



जोहार छत्तीसगढ़-छत्तीसगढ़-कोरबा।

देवपहरी के वाटरफॉल में बारिश के दिनों में खतरा होने के बाद भी लोग पिकनिक मनाने पहुंचते हैं और हादसे का शिकार होते हैं। पिछले दिनों जांजगीर से आए 4 लोग वहां जलस्त्र बढ़ने पर फंस गए थे। जिसके बाद प्रशासन व पुलिस ने सावधानी बरतने की हिदायत दी थी। लेकिन शुक्रवार को जांजगीर-चांपा जिले से पहुंचे 3 शिक्षकों की अनदेखी के कारण फिर एक बड़ा हादसा हो गया। जहां वाटरफॉल में नहाते समय 3 शिक्षकों में एक पानी के तेज बहाव में बह कर डूब गया। सूचना मिलते ही लिंबू थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्णा साहू के नेतृत्व में पुलिस व एसडीआरएफ की टीम 4 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है वाटरफॉल में डूबे शिक्षक का अब तक पता नहीं चला है।

ढाबा के सामने खड़ी बाइक पार

रायपुर । अनुपम गार्डन के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमित कुमार देवांगन 38 वर्ष डगनिया का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी ड्रीम योगा बाइक क्रमांक सीजी 04 एचडब्ल्यू 9631 को अनुपम गार्डन स्थित राजू ढाबा के सामने खड़ी किया था। जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रहही है।

ईडी ने नगर निगम कमिश्नर प्रभाकर पांडे के बंगले में दी दबिश, खंगाले जा रहे दस्तावेज

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा में ईडी ने कोरबा नगर पालिक निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय के बंगले में सुबह-सुबह दबिश दी है अचानक ईडी की छापामार कार्यवाही से प्रशासनिक गलियारों और कोरबा शहर में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं चल रही हैं। बता दें कि आज तड़के ईडी की टीम ने कलेक्टर बंगला के बंगल में बने निगम आयुक्त के बंगले में ईडी की टीम दबिश दी है। टीम की छापेमारी की खबर से प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। सूत्र बताते हैं कि सीजी नम्बर की दो इनोवा गाड़ियों में ईडी की टीम दस्तावेजों की जांच कर रही है। वही छापे के खबर लीक होने की खबर भी उड़ रही है क्योंकि कल साहब कोरबा से नदारत थे और बंगले में ड्यूटी करने वाले सारे कर्मचारी बदल दिए गये है। इससे छापे की खबर लीक होने की बात कही जा रही है। ईडी की टीम द्वारा दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। सूत्रों के हवाले से निगम में हुए सड़कों में भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी की भारी शिकायत ईडी तक लगातार पहुंच रही थी। जिसके बाद आज ईडी ने दबिश देते हुए इनके पुराने रिकॉर्डों सहित निगम से जुड़े सभी दस्तावेजों की पड़ताल ईडी द्वारा की जा रही है हालांकि ईडी की छापामार कार्यवाही की सूचना लीक होने की भी खबर है अब इसके बाद ईडी को क्या कुछ मिल पाता है यह जांच पड़ताल के बाद ही पता लग पाएगा।

जमीन बंटवारे की बात को लेकर पिता से मारपीट थाने में केस दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।

जिले के कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीन बंटवारे की बात को लेकर छोटे बेटे के द्वारा अपने पिता के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। वहीं, इस मामले की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ संबंधित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

इस घटना के बारे में प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि ग्राम सलका का रहने वाला हूँ, खेती किसानी का काम करता हूँ। बीते दिनांक 20 जुलाई को मैं अपने कमरे में खाना खाकर सोया था। उसी दौरान तकरीबन ढाई बजे मेरा बेटा गोविन्द बारिक शराब पीकर घर आया और मुझे खाट से उठाकर जमीन बटवारे की बात को लेकर नीचे पटक दिया और तुम मुझे जमीन का बटवारा नही दे रहे हो कहकर गाली गलौज कर जान से मार दूंगा कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। उसी समय मेरा बड़ा बेटा कमलेश्वर बारिक घर आया और बीच बचाव करने लगा। तब गोविंद बारिक फावड़ा को उठाकर मेरे बेटे कमलेश्वर बारिक को मारने के लिए दौड़ाया तो वह घर से बाहर भाग गया। प्रार्थी ने बताया कि आरोपी ने गुस्से में घर में रखे पल्सर एवं सीडी डीलक्स बाइक को फावड़ा से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया है।

लात खदान के विस्थापितों ने फिर खोला मोर्चा

आगामी 24 जुलाई से खदान बंद करने की चेतावनी

जोहार छत्तीसगढ़ - धरमजयगढ़।

एसईसीएल की लात कोयला खदान के विस्थापित परिवारों ने एस ई सी एल प्रबंधन को 24 जुलाई से खदान में अनिश्चितकाल तक काम बंद करने की सूचना 2 माह पूर्व दी थी। अब धरमजयगढ़ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा 24 जुलाई से धरना प्रदर्शन व रैली की अनुमति दी गई है। विस्थापितों का आरोप है कि लात खदानों के विस्थापितों को रोजगार देने के मामले में एसईसीएल के द्वारा छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति का समुचित तरीके से पालन नहीं किया गया है। जबकि इस मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, क्षेत्रीय विधायक, जिला कलेक्टर और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, धरमजयगढ़ द्वारा समय समय पर आदेशित / निर्देशित किया जाता रहा है। ऐसे में विस्थापितों ने अब आगामी 24 जुलाई से लात छाल कोयला खदान में अनिश्चितकाल तक काम बंद करने का निर्णय लिया है और अपने इस निर्णय से एसईसीएल प्रबंधन को अवगत कराया है। मालूम हो कि राजस्व प्रकरण क्रमांक 6/ अ -82/2003-4 आदेश दिनांक 2/6/2005 के अनुसार ग्राम लात एवं छाल के 156.886 हेक्टेयर भूमि स्वामी हक की एवं 49.50 हेक्टेयर शासकीय भूमि अधिग्रहित की गई थी। पुनर्वास समिति की पूर्व में हुई बैठक के दौरान आबादी भूमिधारकों को रोजगार दिलाने की समुचित कार्यवाही का निर्णय लिया गया। जिसमें यह तय किया गया कि छत्तीसगढ़ पुनर्वास नीति के अनुसार प्रत्येक औद्योगिक तथा खनन परियोजना के लिए भू अर्जन से प्रभावित प्रत्येक विस्थापित परिवार के एक सदस्य को उसकी अहर्ता के अनुसार रोजगार की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ द्वारा ग्राम में सर्वे करा कर 69 लोगो को पात्र बना कर एसईसीएल प्रबंधक को भेज भी चुके हैं। ग्रामीणों के अनुसार आज 15 साल बाद भी इस नीति का समुचित तरीके से पालन नहीं किया गया है। जबकि इस मामले में जिला प्रशासन और माननीय उच्च न्यायालय का आदेश भी विस्थापितों के पक्ष में है। वहीं, स्थानीय विधायक लालजीत सिंह राठिया ने भी इस बाबत एस ई सी एल प्रबंधन को त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। परंतु एस ई सी एल प्रबंधन के उदासीन रवैए से अब विस्थापितों के सब्र का पैमाना छलक गया है और उन्होंने 24 जुलाई से छाल कोयला खदान को अपनी मांग पूरी होने तक अनिश्चितकाल के लिए बंद करने और भूख हड़ताल करने का निर्णय किया है।

बिल सुधारे बिना काटे जा रहे किसानों के बिजली कनेक्शन, नाराज उपभोक्ताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

रीडिंग व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग, उपभोक्ता को हर माह मिले बिजली बिल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा में भारी भरकम बिजली बिल की समस्या से उपभोक्ताओं को निजात नहीं मिल रही है । ग्राम पिपरभट्ठा के किसानों को 70 हजार से 1 लाख तक भारी भरकम बिजली बिल थमाया गया हैं । बिजली विभाग दावे के विपरीत उपभोक्ता परेशान हैं और बिल में सुधार करने के लिए कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं । इस संबंध में क्षेत्र के किसानों की शिकायत पर किसान नेता योगेश तिवारी बेमेतरा विद्युत विभाग के अधिकारी से मुलाकात कर समस्या के निराकरण को लेकर चर्चा की। ग्राम पिपरभट्ठा के ग्रामीण विभाग की ओर से भेजे गए अनाप-शनाप बिजली बिल को कम करने को लेकर अधिकारियों से गुहार लगाकर थक चुके हैं, लेकिन कहीं भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। किसान नेता ने अधिकारी को बताया कि भारी भरकम बिजली बिल पटाने पर असमर्थता जाहिर करने पर विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई है ।

हर माह बिजली का बिल नहीं जमा होने से उपभोक्त ाओं को नहीं मिल रहा सब्सिडी योजना का लाभ

बिजली बिल सुधारे बिना काटे जा रहे हैं कनेक्शन

ग्रामीणों ने बताया कि उपभोक्ताओं को अनाप-शनाप बिजली बिल भेजे जा रहे हैं । इन बिलों को सुधारे बगैर कनेक्शन विच्छेद की कार्रवाई की जा रही है। गांव में 30-40 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं । जिससे उपभोक्ता और उनके परिवार के लोग काफी परेशान हैं। ग्रामीण नकुल साहू पीपरभट्ठा, लेखराम वर्मा बहेरा, ओमप्रकाश साहू बहेरा, परमानंद सारथी बहेरा, पुनितराम साहू बहेरा, चंद्रेश साहू पीपरभट्ठा, अजय मिश्रा, लखन चक्रधारी, मनोज पटेल, पियूष शर्मा, राजू साहू, मनोज सिन्हा, गन्नू साहू, बलराम राय, यशवंत टंडन, नरेश राय, मनोज बंजारे, धर्मेंद्र साहू, शिवम दीवान, तुसार राजपूत आदि के कनेक्शन काट दिया गया है ।

बिल के सुधार होने तक उपभोक्ताओं का कनेक्शन विच्छेद नहीं करने की मांग

ग्रामीणों ने बिल के सुधार होने तक कनेक्शन विच्छेद नहीं करने का आग्रह किया है। उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली कर्मियों की लापरवाही का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों को अनाप शनाप बिजली के बिल भेजे जा रहे हैं, जिससे उनके माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई है। ग्रामीणों ने कहा किसानों व मजदूर वर्ग को इस प्रकार के बिल जारी करना दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

मीटर रीडिंग की व्यवस्था को दुरुस्त करे बिजली विभाग महीनों नहीं हो रही रीडिंग

उपभोक्ताओं ने बताया कि मीटर रीडरों की लापरवाही का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है । रीडिंग में कोताही बरती जा रही है। रीडर कई महीने रीडिंग के लिए नहीं पहुचना सामान्य बात है, लेकिन कई उपभोक्ताओं ने बताया कि करीब साल भर तक रीडर मीटर रीडिंग के लिए नहीं पहुंचे हैं ऐसी स्थिति में विभाग की ओर से अनाप-शनाप बिजली बिल भेजा जा रहा है जो पटाने में असमर्थ है। विभाग को मीटर रीडिंग की व्यवस्था को दुरुस्त करना पड़ेगा ताकि उपभोक्ता को हर माह बिजली का बिल मिले ताकि उसे पटाने के साथ शासन की ओर से मिलने वाली सब्सिडी का लाभ मिले।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in